● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 162, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 20 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र
हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



उत्तराखंड में लेनी होगी वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति 5



आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा 6

## प्रवासी भारतीयों के साथ मप्र का है मजबूत जुड़ाव : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में इंडियन डायस्पोरा एवं फ्रेंड्स ऑफ एमपी से किया संवाद



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब केवल संभावना नहीं, बल्कि निवेश का सशक्त मंच बन चुका है। राज्य सरकार ने नीति, प्रक्रिया और प्रोत्साहन के तीनों स्तरों पर गंभीर और प्रभावी सुधार किए हैं, जिससे निवेशकों को वास्तविक लाभ और विश्वास दोनों मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब विकास और निवेश साथ-साथ चल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदेश में बसे भारतीय केवल नागरिक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं। उन्होंने कहा कि बार्सिलोना में भारतीयों का जो अपनापन दिखा, वह उन्हें उज्जैन की अनुभूति कराता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां परंपरा और पर्वों की गरिमा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संवाद नहीं, बल्कि हृदय से हृदय का जुड़ाव है। सरकार निवेश को केवल आर्थिक लेन-देन नहीं मानती, बल्कि उसे भावनात्मक और दीर्घकालिक भागीदारी का माध्यम मानती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बार्सिलोना में शुक्रवार को प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के बीच आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। भारत एक मात्र ऐसा देश है जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रहा है। यह भारत की क्षमताओं और व्यवस्था की शक्ति का परिचायक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बार्सिलोना में आप सभी का उत्साह देखकर लग रहा है कि मैं उज्जैन में हूं। काउंसल जनरल श्री इनबासेकर सुंदरमूर्ति के प्रभावशाली भाषण ने दिखा दिया है कि स्पेन के प्रवासी भारतीय आज भी अपनी मिट्टी से जुड़े हुए हैं। ईश्वर ने भारतीयों को यश दिया है कि जहां चाहें उसे ही स्वर्ग बना देते हैं। महाकाल की नगरी उज्जैन का गौरवशाली इतिहास रहा है। भारतीयों को देखकर लोग होली-दिवाली मना लेते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतवंशियों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारतीय, दूध में शक्कर की तरह घुल-मिल जाते हैं। ये देश है वीर जवानों का... भारतीय संस्कृति को दिखाता है। भारत वीरों का देश है। वर्तमान समय में भारत ने दुनिया में अपनी साख बनाई है। भारत की प्रगति देखकर दुनिया दांतो तले ऊंगलियां दबा लेती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में निवेश से जुड़ी सभी नीतियां निवेशकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। प्रक्रियाओं को डिजिटलीकरण और फास्ट ट्रैक स्वीकृति व्यवस्था से जोड़ा गया है। लंदन में एक उद्योगपति को ऑनलाइन आवेदन के तुरंत बाद भूमि आवंटन किया जाना इसी का उदाहरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यदि कोई संस्था या निवेशक मेडिकल कॉलेज स्थापित करना चाहता है, तो सरकार 25 एकड़ जमीन मात्र एक रुपये में उपलब्ध कराएगी। इससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंच सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से होटल परियोजनाओं पर सरकार 30 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दे रही है।

## दुनिया की कोई ताकत हमें निर्देश नहीं दे सकती : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि ऑपेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवादियों को सबक सिखाया है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह नहीं बता सकती कि हमें अपने मामलों को कैसे संभालना है।

धनखड़ ने उपराष्ट्रपति निवास में भारतीय रक्षा संपदा सेवा (आईडीईएस) के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमने उनको (पाकिस्तान और आतंकवादी) सबक सिखाया और अच्छे से सिखाया। हमने बहावलपुर और मुरिदके को चुना और फिर अस्थायी समझौते पर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जारी है।

उपराष्ट्रपति ने आगे कहा, कुछ लोग सवाल करते हैं कि इसे क्यों रोका गया? हम शांति और अहिंसा में भरोसा रखने वाला देश हैं। यह (गौतम) बुद्ध, महावीर और (महात्मा) गांधी की धरती है। हम तो जीवों को भी नहीं मारना चाहते हैं, फिर इंसानों को कैसे निशाना बना सकते हैं? हमारा मकसद लोगों में समझ और मानवता की भावना को जगाने का था। हमने कड़ा सबक दिया है। हालांकि, हमारे कुछ लोगों को इसे समझना होगा और इसकी सराहना करनी होगी।

उन्होंने आगे कहा, बाहर की कहानियों से प्रभावित न हों। एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में इस देश में सभी फैसले इसके नेतृत्व की ओर से लिए जाते हैं। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो भारत को यह निर्देश दे कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। हम एक देश हैं और अन्य देशों के साथ भी एक समुदाय की तरह रहते हैं। हम मिलकर काम करते हैं। हमारी बीच परस्पर सम्मान और कूटनीतिक संवाद होता है। लेकिन आखिरकार हम एक संप्रभु देश हैं।

## हिमंत बिस्व सरमा पर ममता बनर्जी का हमला

### बोलीं-असम में बांग्लाभाषियों को डराया जा रहा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर असम की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। ममता ने आरोप लगाया है कि असम में बांग्ला बोलने वाले लोगों को धमकाया जा रहा है और उनकी मातृभाषा, धर्म और पहचान को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा का यह रवैया देश को बांटने वाला है और इसकी अब हद हो चुकी है।

शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में ममता बनर्जी ने कहा कि देश में बांग्ला दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है और असम में भी यह दूसरी सबसे आम भाषा है। ऐसे में जिन नागरिकों की मातृभाषा बांग्ला है और जो सभी धर्मों और भाषाओं का सम्मान करते हुए शांति से रहना चाहते हैं, उन्हें धमकाया जाना संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार असम में भाषा और धार्मिक पहचान को राजनीतिक हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि बंगाली भाषी लोगों को अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या कहकर बदनाम किया जा रहा है, जिससे उन्हें सामाजिक रूप से अलग-थलग किया जा सके। ममता ने इसे विभाजन की राजनीति करार देते हुए कहा कि असम की जनता अब इस रवैये के खिलाफ खड़ी हो रही है।

इस बयान के जवाब में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी को केवल मुस्लिम बंगालियों की चिंता है। उन्होंने कहा कि अगर ममता असम केवल मुस्लिम बंगालियों के लिए आती हैं तो असमिया लोग और हिंदू बंगाली उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने ममता के भाषणों को समुदाय विशेष तक सीमित बताया।

## घुसपैठियों की जांच के लिए त्रिपुरा में विशेष टॉस्क फोर्स का गठन

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुसने वालों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई है। यह टास्क फोर्स पश्चिम त्रिपुरा जिले में बनाई गई है, जहां बांग्लादेश से लगी 856 किलोमीटर लंबी सीमा है। राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बताया कि, हालांकि अब त्रिपुरा में घुसपैठ की संख्या कम हुई है, फिर भी घुसपैठियों की पहचान के लिए यह टास्क फोर्स बनाई गई है। इस विशेष टास्क फोर्स की जिम्मेदारी पश्चिम त्रिपुरा जिले की इंटेलिजेंस ब्रांच के डिप्टी एसपी देबाशीष साहा को सौंपी गई है।

## सरकार कभी भी देश के हित से नहीं करेगी समझौता : पीयूष



**मुंबई।** अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हमारी वार्ता रणनीति राष्ट्रीय हित पर आधारित है। नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी समय राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं होने देगी। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया आज भारत की ताकत को पहचान रही है, और उन्होंने आगे कहा कि दुनिया यह मान रही है कि प्रतिभा और कौशल भारत में हैं। और यही हमें बातचीत में बढ़त देता है।यह कहते हुए कि भारत उन्नत या विकसित देशों के साथ बातचीत कर रहा है, उन्होंने कहा, हम व्यापारिक सौदे करने या केवल प्रतिस्पर्धियों के बिना व्यापारिक सौदों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हम पूरक अर्थव्यवस्थाओं पर विचार कर रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आगे कहा, जो देश अपनी सप्लाई चेन की सुरक्षा नहीं करते, उन्हें भविष्य में संकट झेलना पड़ेगा। भारत के पास बड़ी घरेलू मांग है और हम कई वस्तुओं का आयात बंद कर, उन्हें देश में ही बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड महामारी और कुछ हालिया निर्यात प्रतिबंध (जैसे खाद और मैगनेट्स) से यह सीख मिली है कि आत्मनिर्भरता जरूरी है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और यूरोप के चार देशों के बीच हुआ यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (ईएफटीए) समझौता अब 1 अक्तूबर 2025 से लागू हो जाएगा। पीयूष गोयल मुंबई में विकसित भारत की ओर वैश्विक प्रभाव निर्माण विषय पर एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे पास एक खुशखबरी है, और मैं यह पहली बार इसी मंच से साझा कर रहा हूं।

## मल्लिकार्जुन खरगे का पीएम मोदी पर हमला, कहा- वे 42 देशों में गए पर मणिपुर नहीं पहुंचे

**मैसूर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 42 देशों का दौरा किया, लेकिन मणिपुर नहीं पहुंचे। खरगे ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। मैसूर में एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश की जनता भाजपा और आरएसएस को संविधान बदलने की इजाजत नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी में लोग काम करते हैं, जबकि मोदी की भाजपा में लोग केवल बोलते हैं।

## पीएम मोदी अगले हफ्ते यूके और मालदीव की यात्रा करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर चार दिवसीय विदेश यात्रा पर जाएंगे। वे अगले सप्ताह ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा करेंगे। इस दौरान व्यापार समझौते और रिश्तों को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का पहला चरण 23-24 जुलाई को यूनाइटेड किंगडम होगा, जहां वे ऐतिहासिक भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (स्त्रञ्ज) पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता टैरिफ में कमी करके ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। इससे भारत को भी फायदा होगा और व्हिस्की और कारों जैसे ब्रिटिश निर्यात सुगम होंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी 25-26 जुलाई को मालदीव की यात्रा करेंगे, जहां वे 60वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल में यह यात्रा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह मालदीव में कुछ नेताओं की ओर से भारत विरोधी बयानबाजी और अभियानों के कारण हाल ही में दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद पहली बार हो रही है।

## अहंकार और सीट बंटवारे में देरी चुनावों में हार के लिए जिम्मेदार

### उद्धव ने एमवीए की एकता पर उठाए सवाल



**मुंबई।** मुंबई में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में गर्माहट तेज हो गई है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी गठबधंन दलों की एकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में सीट बंटवारे और उम्मीदवार तय करने में हुई देरी को लेकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन पर सवाल उठाए हैं। ठाकरे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद गठबंधन दलों में एकता कम और दलगत जीत की होड़ ज्यादा दिखने लगी, जिससे जनता में गलत संदेश गया और हार का कारण बना।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सीटों को लेकर अंत तक खींचतान चलती रही। कई जगहों पर उम्मीदवार तय ही नहीं हो पाए। अगर ऐसी ही गलतियां होती रहीं तो फिर साथ रहने का क्या फायदा? ठाकरे ने बताया कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को कुछ ऐसी सीटें गठबंधन सहयोगियों को देनी पड़ीं, जहां शिवसेना (यूबीटी) पहले कई बार जीत चुकी थी। ठाकरे ने कहा कि अब वक्त है आत्ममंथन का, क्योंकि अगर गठबंधन में यही हाल रहा, तो जनता का भरोसा टूट जाएगा। ठाकरे का मानना है कि चुनाव के दौरान 'लड़की बहन योजना' जैसे वादों ने जनता को भ्रमित किया और एमवीए नुकसान में रहा। उन्होंने ईवीएम घोटाले, फर्जी वोटर लिस्ट और अचानक वोटर संख्या बढ़ने जैसे मुद्दों को लेकर भी चिंता जताई, लेकिन कहा कि सिर्फ बहाने नहीं बनाने चाहिए अपनी गलतियां भी माननी होंगी।

गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में एवीए ने महाराष्ट्र की 48 में से 30 सीटें जीती थीं। लेकिन पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन (भाजपा, शिंदे गुट और अजित पवार गुट) ने करारी जीत दर्ज की।

## शासन की विफलता, जवाब चाहती है जनता

### पुरी में लड़की को आग लगाने की घटना पर बोले पूर्व सीएम नवीन पटनायक



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी जिले में एक युवती को कथित तौर पर आग लगाने की घटना को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की और इसे शासन की विफलता करार दिया। बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुरी जिले के बलंगा इलाके में एक युवती को आगे लगाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। दिनदहाड़े उनकी हत्या का प्रयास हुआ। मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। पटनायक ने आगे कहा, यह घटना एक हफ्ते के भीतर यह घटना हुई है। इससे पहले गोपालपुर की खौफनाक घटना के एक महीने के बाद एफएम कॉलेज की एक युवती को भी जब हर दरवाजा खटखटाने के बाद भी न्याय नहीं मिला, तो उसने खुद को आग लगा दी थी।

## हजारीबाग में बड़ा हादसा, आयरन फैक्टरी में ब्लास्ट में चार मजदूरों की मौत

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक आयरन फैक्टरी में भट्ठी फट जाने से चार से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका है। घटना के बाद फैक्टरी के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे में कई मजदूर घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला हजारीबाग के बरही इलाके का है। यहां एक फैक्टरी में शनिवार सुबह बड़ा ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में चार से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद भारी भीड़ फैक्टरी के बाहर जमा हो गई, लेकिन फैक्टरी का गेट नहीं खोला गया।

### पंजाब में आप को झटका

## खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। मान ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। अनमोल गगन मान पंजाब सरकार में पर्यटन मंत्री रह चुकी हैं। अह्यनमोल गगन मान का पंजाबी गायिका से मंत्री तक का सफर काफी दिलचस्प है। उन्होंने साल 2020 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल के प्रत्यशी रणजीत सिंह गिल को करीब 37718 मतों से हराया था। 2022 विधानसभा चुनाव में जीतने वालीं वह सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। अनमोल गगन मान ने पार्टी का कैंपेन गीत भी तैयार किया था। अनमोल गगन मान का जन्म 1990 में मानसा में हुआ था। उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ से हुई। इसके बाद उन्होंने पहले मॉडलिंग फिर गायकी में अपना करियर बनाया। पिछले साल जून में एडवोकेट शाहबाज सोही के साथ उनकी शादी हुई थीं। वहीं एक दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता व रियल एस्टेट कारोबारी रणजीत सिंह गिल ने अकाली दल छोड़ने का एलान

## भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां अल्पसंख्यक पूरी तरह सुरक्षित : रिजिजू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति और उनकी सुरक्षा की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां अल्पसंख्यक पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद एक अल्पसंख्यक हूं। अगर हम पाकिस्तान या बांग्लादेश में होते, तो शायद आज शरणार्थी होते। लेकिन भारत में हर अल्पसंख्यक और आदिवासी अपने ही देश में सुरक्षित है, क्योंकि यहां की बहुसंख्यक हिंदू आबादी स्वभाव से सहिष्णु और धर्मनिरपेक्ष है।

एक न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान रिजिजू ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों को जो स्वतंत्रता और सुरक्षा मिल रही है, वह यहां की बहुसंख्यक आबादी के कारण है। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक एक भी ऐसा मामला नहीं देखा जिसमें किसी अल्पसंख्यक ने यह कहा हो कि उसे भारत छोड़ना है क्योंकि उसे यहां कुछ नहीं मिल रहा।

रिजिजू ने अपने बयान में कांग्रेस पर गलत प्रचार करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित वामपंथी सोच वाले लोग यह लगातार प्रचार कर रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। रिजिजू ने कहा कि ऐसा नैरेटिव देश के लिए नुकसानदायक है। इसके साथ ही रिजिजू ने पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है वाले बयान पर कहा कि भारत एक कानून का पालन करने वाला, धर्मनिरपेक्ष और संविधान आधारित देश है, जहां बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों कानून की नजर में बराबर हैं।

रिजिजू ने कहा कि जो सुविधाएं बहुसंख्यक समुदाय को मिलती हैं, वे अल्पसंख्यकों को भी मिलती हैं, लेकिन कुछ योजनाएं ऐसी भी हैं जो केवल अल्पसंख्यकों के लिए होती हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की सभी योजनाएं पूरे देश में लागू होती हैं और छह मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विशेष सहायता भी दी जाती है। रिजिजू ने कहा कि चीन, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान से लोग भारत में इसलिए आते हैं क्योंकि उन्हें भारत के संविधान और यहां के लोगों पर भरोसा है।

वहीं रिजिजू के इस बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने जबरदस्त पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हम भारत के अल्पसंख्यक हैं, कोई राजा की प्रजा नहीं। हमारे अधिकार संविधान से मिलते हैं, ये कोई दान नहीं है। ओवैसी ने कहा कि हम डरकर भागने वालों में से नहीं हैं। हमने ब्रिटिश राज, बंटवारे, और गुजरात, दिल्ली, मोरादाबाद जैसे दंगों का सामना किया है, लेकिन कभी नहीं भागे।

उन्होंने कहा कि हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे। ओवैसी ने यह भी कहा कि भारत की तुलना पाकिस्तान या श्रीलंका जैसे विफल देशों से न करें। हमारा संविधान महान है और हम उसका सम्मान करते हैं। जय हिंद, जय संविधान!

## संपादकीय

### कुछ भी बोलना ठीक है या बोलने की भी सीमा होनी चाहिए?

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अभिव्यक्ति की आजादी एक जीवन-तत्त्व के रूप में काम करती है। यह एक प्रगतिशील सोच वाले समाज की परिपक्वता की भी पहचान है कि वह किसी के विचार पर गौर करे और चाहे तो अनदेखी करे। उससे आगे अगर सहमति-असहमति का प्रश्न आता है, तो उसके लिए लोकतांत्रिक मूल्यों का निर्वाह करे। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति को सवालों के घेरे में आते देखा जाता है, तो कभी उसे सीमित करने की भी कोशिश की जाती है। ये दोनों स्थितियां लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है कि एक ओर अधिकार के रूप में अभिव्यक्ति को बाधित नहीं किया जाए, तो दूसरी ओर इसकी गरिमा को बनाए रखने की कोशिश की जाए।गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया के एक मंच पर कथित आपत्तिजनक व्यंग्य-चित्र लगाने के संदर्भ में कार्टून बनाने वाले को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। हालांकि अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक सामग्री पर चिंता जाहिर की और इस पर अंकुश लगाने के लिए न्यायिक आदेश पारित करने की जरूरत पर भी जोर दिया।पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर जिस तरह कुछ लिखते या चित्र प्रसारित करते हुए लापरवाही बरतने की होड़-सी देखी जा रही है, उसमें सुप्रीम कोर्ट की चिंता वाजिब हो सकती है। मसलन, कुछ महीने पहले एक यूट्यूब चैनल पर कार्यक्रम के दौरान आपत्तिजनक भाषा, महिला विरोधी टिप्पणियां और दिव्यांगों का उपहास करने वाली सामग्री का प्रसारण किया गया था। स्वाभाविक ही इसे अभिव्यक्ति के अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा गया। इस तरह की सामग्रियों को हतोत्साहित करने के लिए ऐसे नियमन पर विचार किया जा सकता है, जो परिपक्व तरीके से होने वाले संवाद को बढ़ावा दे। मगर सवाल है कि यह परिभाषित कौन और किस आधार पर करेगा कि कोई अभिव्यक्ति आपत्तिजनक है या नहीं! फिर अभिव्यक्ति और उसके स्वरूप को परिभाषित या सीमित करने के नियम का दुरुपयोग हुआ तो वैसी स्थिति में क्या किया जाएगा?यह भी ध्यान रखना होगा कि सत्य और तथ्य को उजागर करने को सरकारें अपनी सुविधा के मुताबिक देखना शुरू न करें, क्योंकि इससे सबसे ज्यादा नुकसान अभिव्यक्ति के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों को होगा।

*जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में शिरकत करने तियानजिन पहुंचे थे। अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। वास्तव में, यह भारत-चीन संबंधों का भी 'प्लैटिनम जुबली' दौर है। दोनों देशों की 75 वर्षों की इस द्विपक्षीय कूटनीतिक यात्रा में कई पड़ाव आए हैं। लिहाजा, उचित ही दोनों नेताओं ने संबंधों की स्थिरता पर जोर दिया। कैलास मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीन के सहयोग की सराहना भी की गई। यही नहीं, दोनों ने एक-दूसरे देश में लोगों की आवाजाही बढ़ाने और सीधी उड़ान सेवा की दिशा में अतिरिक्त कदम उठाने पर भी सहमति जताई।*

# भारत और चीन को एक-दूजे की जरूरत

**(शशांक, पूर्व विदेश सचिव)**

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की सिंगापुर व चीन की यात्रा बदलती विश्व व्यवस्था के अनुकूल मानी जाएगी। सिंगापुर में बेशक 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया, मगर गलवान में पांच साल पहले हुई हिंसक झड़प के बाद पहली बार किसी भारतीय विदेश मंत्री के चीन जाने पर चर्चा स्वाभाविक ही है।

जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में शिरकत करने तियानजिन पहुंचे थे। अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। वास्तव में, यह भारत-चीन संबंधों का भी 'प्लैटिनम जुबली' दौर है। दोनों देशों की 75 वर्षों की इस द्विपक्षीय कूटनीतिक यात्रा में कई पड़ाव आए हैं। लिहाजा, उचित ही दोनों नेताओं ने संबंधों की स्थिरता पर जोर दिया। कैलास मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीन के सहयोग की सराहना भी की गई। यही नहीं, दोनों ने एक-दूसरे देश में लोगों की आवाजाही बढ़ाने और सीधी उड़ान सेवा की दिशा में अतिरिक्त कदम उठाने पर भी सहमति जताई।

पिछले साल अक्तूबर में ब्रिक्स सम्मेलन के इतर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई थी। उसके बाद से ही यह संकेत मिलने लगे थे कि भारत और चीन के रिश्ते पटरी पर लौटने लगे हैं। चूंकि अगले महीने फिर से ये दोनों शासनाध्यक्ष एससीओ बैठक में मिलने वाले हैं, इसलिए भारतीय नेताओं की हाल-फिलहाल में चीन-यात्रा बढ़ी है। उल्लेखनीय है, पिछले दिनों एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक भी हुई थी, जिसके घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र न होने और बलूचिस्तान का वर्णन करके पाकिस्तानी हितों की वकालत करने के कारण भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उस पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। ऐसे में, यह जरूरी था कि भारत आतंकवाद के मसले पर मजबूती से अपनी बात रखे, जो एस जयशंकर ने बखूबी किया।

यह विडंबना है कि एससीओ जब बना था, तब आतंकवाद से मिलकर मुकाबला करना इसके प्राथमिक उद्देश्यों में एक था, लेकिन अब इसी मसले पर इसके सदस्य देशों में मतभेद दिखने लगे हैं। पाकिस्तान आतंकवाद का खुलेआम पोषण करता है, जिसका परोक्ष रूप से चीन साथ दे रहा है। भारत इसी दुरभिसंधि के खिलाफ मुखर है। हालांकि, भारत-चीन रिश्तों में आती गरमाहट को नाटो के हालिया फैसले के बरअक्स भी देखना चाहिए।



दरअसल, नाटो के देशों ने अब निर्णय लिया है कि वे अपने हथियार यूक्रेन को देंगे और बाद में अमेरिका से खरीदकर भी उसे मुहैया कराएंगे। हालांकि, बाद में इस खबर पर स्पष्टीकरण भी जारी किया गया, लेकिन माना यही जा रहा है कि नाटो देश अब यूक्रेन का खुलकर साथ देंगे, वे रूस का मुकाबला करना चाहते हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला पर खासा असर पड़ सकता है, जो भारत और चीन, दोनों को प्रभावित करेगा।

वैसे, एस जयशंकर की इस यात्रा से चीन के हित भी सधे। वास्तव में, पिछले कुछ दिनों से उसके नेता शी जिनपिंग सार्वजनिक तौर पर नहीं दिख रहे थे। इसके कारण पश्चिमी मीडिया चीन में संभावित सत्ता-परिवर्तन का दावा करने लगा था। मगर अब जिनपिंग और जयशंकर की मुलाकात की तस्वीरें सार्वजनिक होने के बाद कहा जा रहा है कि चीन ने भारत के माध्यम से विश्व को संदेश दे दिया है।

एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि जब चीन आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान के साथ है, तो उसके साथ संबंध क्यों रखे जाएं? ऐसा कहने वाले लोग वास्तव में दोनों देशों के रिश्तों की जटिलताओं को नहीं समझते। चीन ने पाकिस्तान का साथ दिया, तो वह विश्व मंच पर बेपरदा भी हो गया। फिर, भारत ने पाकिस्तान, चीन और तुर्किये गठजोड़ से अकेले सफल मुकाबला करके अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। चूंकि विश्व व्यवस्था में कोई देश स्थायी दुश्मन नहीं होता, इसलिए अपने हितों के अनुकूल भारत ने चीन के साथ संबंध आगे बढ़ाए हैं। अमेरिका और नाटो देश की बौखलाहट संकेत है कि विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में, भारत को सोच-समझकर आगे बढ़ना ही होगा। हम नहीं चाहेंगे कि बीजिंग पूरी तरह से नई दिल्ली के खिलाफ हो जाए।

इतना ही नहीं, अमेरिका ने टैरिफ-जंग छेड़कर विश्व अर्थव्यवस्था में जो उथल-पुथल मचाई है, उससे भारत और चीन, दोनों को मुकाबला करना है। अमेरिका हमारा दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है, इसलिए हम अमेरिकी बाजार को भी नजरंदाज नहीं कर सकते। मगर उस पर पूरी तरह से निर्भरता हमारे लिए उचित नहीं, इसलिए चीन और रूस जैसे देशों के साथ आपसी संबंधों का भी हमें ख्याल रखना होगा। यदि अमेरिका अपने सीमा शुल्क बढ़ाता है, तो हमारे कारोबार पर इसका असर पड़ सकता है। लिहाजा, समय से पूर्व विकल्प की तलाश ही हमारी बुद्धिमानी मानी जाएगी और जहां-जहां हमारे हित जुड़े हुए हैं, हमें वहां-वहां मिलकर काम करना होगा।

हालांकि, नाटो महासचिव मार्क रूट ने यह चेतावनी दी है कि भारत, चीन और ब्राजील जैसे ब्रिक्स देश रूस पर युद्ध रोकने का दबाव नहीं बनाएंगे, तो उन्हें 100 फीसदी सीमा शुल्क बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। यह कुछ और नहीं, पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका की बौखलाहट है। उसे डर है कि वैश्विक व्यापार अथवा लेन-देन में अमेरिकी डॉलर के उपयोग को कम करने की कवायद चल रही है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं है। उसे अपनी इस घरेलू बहस से ऊपर उठना चाहिए। यह डॉलर, पाउंड और यूरो के बीच की जंग है। सन् 1971 से पहले तो डॉलर स्वर्ण मानक से जुड़ा हुआ था, मगर यही देखा गया कि यूरोप के देश इससे बचने लगे थे, जिसके बाद अमेरिका इस मानक से पीछे हटने को मजबूर हुआ था और 'पेट्रोडॉलर' की संकल्पना सामने आई थी, यानी तेल के अंतरराष्ट्रीय बाजार की मुद्रा डॉलर बना दी गई।

बेशक, ब्रिक्स में सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के शामिल होने से अमेरिका में डॉलर के विमुद्रीकरण को लेकर डर पसर रहा है, लेकिन भारत ने हाल-फिलहाल में इस मुद्रा से पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया है। हम तो अब भी विदेशी व्यापार डॉलर में ही करने के हिमायती हैं। हां, कभी-कभी ब्रिक्स देशों की एक वैकल्पिक मुद्रा की बातें उठती जरूर हैं, लेकिन इसे हकीकत बनने में अभी खासा वक्त लगेगा।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# समोसा, जलेबी, लड्डू भी सिगरेट जितना खतरनाक? जंक फूड के खिलाफ सरकार ने छेड़ दी नई जंग

**(अभिनय आकाश)**

अगर आप ये सोच रहे कि आप सिगरेट नहीं पीते, इसलिए आपको सेहत के उतने बड़े नुकसान का कोई खतरा है ही नहीं। बहुत सारे लोग टशन में अक्सर ये कहते हैं कि हम न तो सिगरेट पीते हैं और न शराब पीते हैं, इसलिए हमें क्या होगा? लेकिन ये सारे लोग समोसे, जलेबी, लड्डू तो बड़े शौक से खाते हैं। आज का एमआरआई आपकी सेहत से जुड़ा है। अगर आपको कोई धीमा जहर जिसे अंग्रेजी में स्लो प्वाइजन भी कहते हैं। स्वादिष्ट बनाकर सस्से दामों पर बेचे तो क्या आप इसे खरीदकर खा लेंगे? क्योंकि ये स्वादिष्ट भी है और सस्ता भी है। समोसा, जलेबी, लड्डू और पकोड़े आपके लिए इसी प्रकार का एक धीमा जहर बन सकते हैं। अब तक आपने सिगरेट, बीड़ी या तंबाकू के पैकेट पर ये चेतावनी लिखी देखी होगी। जिसमें लिखा होता है कि ध्रूमपान से कैंसर हो सकता है। तंबाकू जानलेवा है। इस प्रकार की चेतावनी आपको अक्सर सिगरेट और तंबाकू के पैकेट पर देखने को मिलती है। आप उन्हें पढ़ते हैं और उसमें कहा जाता है कि ये आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। आम तौर पर धारणा भी यही है कि अगर कोई ध्रमूपान कर रहा है या तंबाकू का प्रयोग करता है तो उसके शरीर को बहुत जल्द इसका बड़ा नुकसान होगा। लेकिन जल्द आपको इस तरह की चेतावनी समोसे, लड्डू, पकौड़े, जलेबी जैसी खाने पीने की चीजों के साथ भी देखने को मिल सकती है। अगर आप ये सोच रहे कि आप सिगरेट नहीं पीते, इसलिए आपको सेहत के उतने बड़े नुकसान का कोई खतरा है ही नहीं। बहुत सारे लोग टशन में अक्सर ये कहते हैं कि हम न तो सिगरेट पीते हैं और न शराब पीते हैं, इसलिए हमें क्या होगा? लेकिन ये सारे लोग समोसे, जलेबी, लड्डू तो बड़े शौक से खाते हैं। आज का एमआरआई आपकी सेहत से जुड़ा है।

**अगर आपको कोई धीमा जहर जिसे अंग्रेजी में स्लो प्वाइजन भी कहते हैं। स्वादिष्ट बनाकर सस्से दामों पर बेचे तो क्या आप इसे खरीदकर खा लेंगे? क्योंकि ये स्वादिष्ट भी है और सस्ता भी है। समोसा, जलेबी, लड्डू और पकोड़े आपके लिए इसी प्रकार का एक धीमा जहर बन सकते हैं। अब तक आपने सिगरेट, बीड़ी या तंबाकू के पैकेट पर ये चेतावनी लिखी देखी होगी। जिसमें लिखा होता है कि ध्रूमपान से कैंसर हो सकता है। तंबाकू जानलेवा है। इस प्रकार की चेतावनी आपको अक्सर सिगरेट और तंबाकू के पैकेट पर देखने को मिलती है। आप उन्हें पढ़ते हैं और उसमें कहा जाता है कि ये आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। आम तौर पर धारणा भी यही है कि अगर कोई ध्रमूपान कर रहा है या तंबाकू का प्रयोग करता है तो उसके शरीर को बहुत जल्द इसका बड़ा नुकसान होगा।**

समोसा, जलेबी, लड्डू पर सरकार का बड़ा फैसला

समोसे, जलेबी और लड्डू पर एक बहुत बड़ा फैसला लिया जा रहा है। ये वो चीजें हैं जो एक तरह से करोड़ों भारतीयों की कमजोरी हैं। समोसा हो, जलेबी हो या फिर लड्डू भले ही आप इनसे अपने कदम खींच ले। मगर हाथ इनकी तरफ खुद ब खुद बढ़ जाते हैं। लेकिन अब समोसा, जलेबी और लड्डू पर बड़ा ऐलान हुआ है। सिगरेट के डिब्बे पर चेतावनी वाले चित्र और शब्द आपने देखे होंगे, जो यह बताते हैं कि स्मोकिंग सेहत के लिए नुकसानदायक है। ठीक उसी प्रकार समोसे, रसगुल्ले, पकौड़े जैसे अन्य डीप फ्राइड और हाई शुगर वाले फूड आइटम्स पर भी आने वाले दिनों में स्वास्थ्य चेतावनी जारी की जा सकती है, क्योंकि इसके सेवन से मोटापा, डायबिटीज, बीपी और हार्ट जैसी नॉन कम्युनिकेबल डिजीज का खतरा रहता है। इस नए आदेश के बाद अब वेंडर्स को समोसे या जलेबी परोसने के साथ-साथ यह भी बताना होगा कि उसमें कितनी चीनी और कितना तेल है।

21 हजार करोड़ समोसे, 5600 करोड़ भटूरे चट कर जाते भारतीय

*एक अनुमान के मुताबिक भारतीय लोग एक वर्ष में 21 से 22 हजार करोड़ समोसे खा जाते हैं।

*एक साल में 35 हजार करोड़ पराठे खा जाते हैं।

*भारतीय लोग सालाना 5600 करोड़ प्लेट भटूरे खा जाते हैं।

*एक साल में भारत के लोग 14 हजार करोड़ कचौरी और 10 हजार करोड़ प्लेट ब्रेड पकौड़े चट कर जाते हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश

सामान्य एरिया जैसे कैफेटेरिया, लॉबी, मीटिंग रूम और अन्य पब्लिक प्लेस में ऑयल और शुगर बोर्ड (डिजिटल/पोस्टर) डिसप्ले किए जाएं, ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके। सभी आधिकारिक स्टेशनरी, जैसे लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फोल्डर आदि पर स्वास्थ्य संबंधी संदेश छापे जाएं ताकि मोटापे से लड़ने के लिए प्रतिदिन की याद दिलाई जा सके। ऑफिस में हेल्दी फूड का विकल्प हो, जैसे फल, सब्जियां, कम फैट वाले फूड को बढ़ावा दिया जाए और मीठे पेयों और अधिक फैट वाले स्नैक्स की उपलब्धता को सीमित किया जाए। स्वास्थ्य सचिव पीएस श्रीवास्तव ने हस्र॥स-5 (2019-21) की रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें कहा गया है कि शहरी इलाकों में हर पांचवां वयस्क मोटापे से ग्रस्त है। 2025 में प्रकाशित 'लैंसेट जीबीडी स्टडी' के अनुसार, भारत में ज्यादा वजन और मोटापे से ग्रस्त वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी जो 2050 तक 44.9 करोड़ हो जाएगी। मोटापा डायबिटीज, हाई बीपी, हृदय रोग और कुछ कैंसर के जोखिम को काफी बढ़ा देता है।

**ट्रांस फैट से हार्ट को होता है नुकसान-** समोसे, पकौड़े, कचौड़ी, चिप्स, पिज्जा में कार्बोहाइड्रेट, सैचुरेटेड फैट, ट्रांस फैट ज्यादा होने की वजह से यह हार्ट को नुकसान कर सकते हैं। यह सिर्फ समोसे या जलेबी की बात नहीं है, हर ऐसे फूड प्रोडक्टस की बात है जिसे तला जाता है, जिसमें तेल ज्यादा इस्तेमाल होता है शुगर ज्यादा होता है, चाहे जलेबी हो या रसगुल्ला, इन सबसे सेहत को नुकसान है। कोई समोसा और जलेबी खा रहा है तो इसका मतलब है कि यह डायरेक्ट कोलेस्ट्रॉल खाने की तरह है। समझ सकते है कि कितना नुकसान हो सकता है।

**मल्टीनेशनल कंपनियों के खानों पर भी हो सख्ती -** इस बीच, शिवेसना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा ने कहा कि देश में मल्टीनेशन कंपनियों द्वारा बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों पर भी ऐसे ही सख्ती और नियमन होना चाहिए। उन्होंने कहा, पैकेज्ड फ्रूट जूस भी शुगर ड्रिंक हैं। कई मामलों में कोल्ड ड्रिंक से भी ज्यादा नुकसानदायक हैं। आयातित जंक फूड कैसे छोड़ सकते हैं? दोनों पर समान चेतावनी होनी चाहिए। देवड़ा, संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं।

## वर्ग पहेली 5797

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | 10 | ■ | ■ |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | | 14 |
| 15 | | ■ | 16 | | | ■ | |
| 17 | | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| | ■ | 20 | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 25 अगस्त 1957 को इस देश की सरकार ने देश में घोषित आपातकाल के 30 वर्ष बाद वापस लिया (3)
4. दोनों हाथों से तीर चला लेने के कारण अर्जुन को एक नाम (4)
7. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद की सप्रसिद्ध कृति (3)
8. हृदय, चित्त, चालीस सेर के बराबर की एक तौल (2)
9. प्रसन्न होना, रोमांचित होना (4)
11. उर्दू या फारसी में गजलें लिखने, बोलने वाला (3)
13. सिपाही, सैनिक (3)
15. दो की संख्या, निग्रह (2)
16. सीखने में प्रवृत्त करना, प्रशिक्षित करना (3)
17. सर्दी-जुकाम (उर्दू)(3)
19. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
20. आकाश से गिरने वाला बिजली (2)
21. जो वास्तविकता से परे हो (3)
22. पवित्र, मंगलकारक, शुभ (2)
23. किसी धार्मिक विषय में धर्मशास्त्र वेत्ता का लिखित आदेश (उर्दू)(3)

**ऊपर से नीचे**

1. किसीशुभ कार्य के आरंभ में किया गया श्रीगणेश को नमन (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. उत्तरप्रदेश का गंगा तट पर बसा यह नगर चर्मोद्योग के कारण भी प्रसिद्ध है (4)
4. दंड देना, शिक्षा या नसीहत देना (6)
5. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
6. यह विश्व का प्रथम देश है जिसमें मुद्रा का प्रचलन किया (2)
10. मापना (3)
12. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
14. आम दरफ्त, आने-जाने का साधन (4)
18. सलोनापन, स्वभाव की उत्तमता, नमकपन (3)
19. सुपर स्टार सलमान खान क्की पैतृक भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
21. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5796 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | गु | रू | ■ | भू | त | ल |
| म | ■ | बा | त | वी | त | ■ | ति |
| च | तु | र | ■ | फ | ■ | ना | का |
| रि | ■ | ■ | शा | मि | या | ना | ■ |
| त | ला | शी | ■ | नि | ■ | ना | ती |
| मा | त | ■ | ड | स्ट | र | ■ | रं |
| न | ■ | प्र | का | र | ■ | मा | दा |
| स | ख्ती | ■ | र | ■ | स | ह | ज |

# टेस्ला का आना भारत के लिए लाभकारी

**(स्वीकृति कुमारी)**

आखिरकार टेस्ला के कदम भारत में पड़ ही गए। आलोचकों की नजर में यह मध्यवर्गीय परिवारों का उपहास है, क्योंकि इस वर्ग की आर्थिक हैसियत इतनी नहीं है कि वह टेस्ला की महंगी गाड़ियों के बारे में सोच भी सके, जबकि भारतीय बाजार इन्हीं लोगों के भरोसे आगे बढ़ रहा है। मगर ऐसे आलोचक शायद भूल जाते हैं कि किसी विदेशी कंपनी के आने से किस-किस तरह के लाभ मिलते हैं। निस्संदेह, एलन मस्क ने महंगी गाड़ी उतारी है, लेकिन इससे भारत को कई तरह से परोक्ष फायदा हो सकता है, खासतौर से ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों को इससे खूब फायदा मिल सकता है।

मिसाल के तौर पर, टेस्ला के रियर व्यू मिरर, गियर्स, चार्जर, ब्रेक के पार्ट, सेंसर्स आदि तमाम उपकरण दूसरी कंपनियां बनाती हैं। ऐसे में, टेस्ला के आने से इन कंपनियों को फायदा मिल सकता है। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रिक गाड़ियों का एक फायदा यह भी है कि वे स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देती हैं। टेस्ला की बैटरी चार्जिंग पेट्रोल-डीजल की तुलना में सस्ती पड़ेगी, जिसके कारण ईंधन की मांग प्रभावित हो सकती हैं। वैसे भी, टेस्ला सिर्फ गाड़ियां नहीं बनाती है, वह सौर ऊर्जा व बैटरी स्टोरेज सिस्टम पर भी काम करती है। इससे गांवों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप, बैटरी से चलने वाले कृषि यंत्र, घरों की बिजली जैसी जरूरतें पूरी की जा सकती हैं। चूंकि जलवायु परिवर्तन की सर्वाधिक मार किसानों पर पड़ती है, इसलिए ऐसी गाड़ियां आम लोगों के हित में मानी जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ ऐसी गाड़ियां फायदेमंद होती हैं। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रिक गाड़ियों के विस्तार से चार्जिंग स्टेशन, बैटरी रिपेयरिंग, मेटनेंस जैसे कामों में ग्रामीण नौजवानों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुल मिलाकर, टेस्ला जैसी गाड़ियां भारत को कई मायने में लाभ पहुंचा सकती हैं, इसलिए सिर्फ इनकी कीमतों को देखना, इसका एकांगी मूल्यांकन करना होगा।

सच यह भी है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटो बाजार है। यहां इलेक्ट्रिक गाड़ियों का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में, यदि टेस्ला जैसी कंपनियां यहां आती हैं, तो विश्व मंच पर भारत को फायदा मिलेगा। इसके बाद अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारतीय बाजार में उतर सकती हैं, जिससे यहां प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा मुकाबला किस तरह से उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचा सकता है, यह बताने की जरूरत नहीं है। चूंकि भारत का ईवी बाजार 2030 तक सालाना 25 फीसदी की दर से बढ़ सकता है, इसलिए उम्मीद है, नई गाड़ियों की आवक भारतीय बाजार को आगे बढ़ाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन अच्छा रहने वाला है। संतान पक्ष को लेकर मन में कोई समस्या या चिंता बनी हुई थी तो अब उनका समाधान हो सकता है। इससे मानसिक तनाव भी कम होगा।लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको शाम के समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष**

आज फिजूलखर्ची से दूर रहना होगा। अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से भविष्य में पैसों की तंगी हो सकती है। साथ ही, कार्यक्षेत्र और आस पड़ोस में चल रहे वाद-विवादों से भी दूरी बनाकर रखें। व्यापार के मामले में शुभ निवेश होने से आपकी कीर्ति में बढ़ोतरी होगी।

**तुला**

आज चंद्रमा के होने से आपको अचानक कहीं से बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ हो सकता है। अगर आप प्रियजनों से कोई सहायता चाहते थे तो उनका आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा। शाम के समय तक आपको किसी मंगल कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक**

आज आपको आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। लेकिन लाभ से ज्यादा खर्चे बढ़ सकते हैं, जिसके चलते आपको समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कार्यस्थल पर विरोधी आप पर हावी होने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहने की अधिक जरूरत होगी।

**मिथुन**

आज अंतर्विरोध की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपका काम आपके अनुसार होने में बाधाएं उत्पन्न हो सकते हैं। समय आपके अनुकूल नहीं रहेगा। ऐसे में आज कोई भी जरूरी फैसला लेने से बचें।

**कर्क**

आज समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर शत्रुओं का मनोबल कम होगा। आपकी मुलाकात कुछ अच्छे और गुणी लोगों से हो सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। व्यवसाय में सहकर्मियों के चलते अच्छा वातावरण बना रहेगा।

**धनु**

आज आर्थिक लाभ मिलने की संभावनाएं ज्यादा है। कार्यस्थल पर आपकी मुलाकात कुछ अच्छे और गुणी लोगों से हो सकती है। इनके सहयोग से अधिकारी आपके पक्ष में आने लगेंगे। कुछ बढ़िया और नए रास्तों से आपको आमदनी मिलेगी।

**मकर**

आज सहयोगियों के साथ किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है और परिवार में भी भाई या प्रियजन के साथ किसी बात पर टकराव हो सकता है। इससे आप असहज महसूस करेंगे और मन थोड़ा उदास रहेगा।

**सिंह**

आज दशम भाव में मिथुन राशि का गुरु व्यापार के मामले में आपके शुभ निवेश और कीर्ति में बढ़ोतरी करने वाला रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और धन लाभ के भी अच्छे योग बनेंगे।

**कन्या**

आज परिवार के मामले में संतान से जुड़ी कोई चिंता आपको परेशान कर सकती है। लेकिन आपको व्यवसाय में लाभ मिलने के भी अच्छे योग बन रहे हैं और पत्नी का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इससे आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

**कुंभ**

आज पूरे दिन लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन व्यापार के कुछ भागीदारों की ओर से परेशानी होने की संभावना भी बनी हुईहै। ऐसे में किसी पर भी जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें सोच-विचार करके फैसले लें।

**मीन**

आज नौकरी करने वालों के कार्य और अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। इससे आपके आसपास के सहयोगियों को थोड़ी ईर्ष्या महसूस हो सकती है। लेकिन आपको कार्यस्थल पर तनाव से बचना होगा और धैर्य के साथ कोई भी काम करना बेहतर रहेगा। इससे शाम के समय तक स्थिति सामान्य होने लगेगी।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक से टकराई कार, 6 की मौत

**मथुरा , एजेंसी।** यूपी के यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। मथुरा जिले में थाना बलदेव के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन 141 के समीप अनियंत्रित ईको कार पीछे से ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई और दो महिला घायल हैं। मृतकों में पिता और दो पुत्र भी शामिल हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज घायल अस्पताल में भर्ती कराए हैं। वहीं यमुना एक?सप्रेसवे पर एक और सड़क हादसा हुआ है। दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही एक बस माइलस्टोन 131 पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 30 यात्री घायल हो गए है। घायल हुए आठ लोग जिला अस्पताल में हैं और नौ लोग एसएन आगरा में भर्ती कराए हैं। बाकी लोगों के ज्यादा चोट नहीं है।



ईको कार चालक नोएडा से सात सवारियां लेकर एक्सप्रेस वे से आगरा की ओर जा रहा था। बलदेव क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 141 के समीप अनियंत्रित कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और टोल टीम ने काफी मशक्कत के बाद कार से लोगों को निकाला। इनमें छह की मौत हो गई जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि आशंका है कि कार चालक को नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर कार ट्रक के पीछे जा भिड़ी। मृतकों में तीन आगरा जिले के हैं, दो मध्य प्रदेश के हैं और एक की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। इस घटना में धर्मवीर पुत्र जवर सिंह, निवासी ग्राम हरलालपुरा, थाना बासोनी, तहसील बाह, जिला आगरा, उनके दो पुत्र रोहित और आर्यन, दलवीर उर्फ छुल्ले और पारस सिंह तोमर पुत्रगण विश्वनाथ सिंह, निवासीगण ग्राम बढ़पुरा हुसैद, थाना महोबा, जिला मुरैना मध्य प्रदेश तथा रोहित के दोस्त (नाम पता अज्ञात) की मौत हो गई। इस घटना में सोनी पत्नी धर्मवीर और पायल पुत्री धर्मवीर निवासीगण हलालपुर थाना बासोनी जिला आगरा घायल हो गए हैं।

**यमुना एक्सप्रेस वे पर बस पलटी, 30 सवारी घायल :** वहीं दूसरे हादसे में मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर बलदेव थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 131 के निकट शनिवार तड़के नोएडा से आगरा की ओर जा रही बस पलटने से करीब 30 सवारियां घायल हो गई। यह बस दिल्ली से मध्य प्रदेश के भिंड के लिए जा रही थी। बस में गरीब 60-65 यात्री बैठे हुए थे। तड़के बस पलटने से चीख पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस और टोल टीम मौके पर पहुंच गई। इस घटना में ग्राम सुंदरपुर, थाना सिविल लाइन, मुरैना निवासी देवी पत्नी अहिवरन सिंह दुर्गेश पुत्र अहिवरन, त्रिलोकपुरी ओल्ड थाना मयूर विहार फेस वन नई दिल्ली निवासी चेतना पुत्री राम लक्ष्मण, पूजा पुत्री राम लक्ष्मण, राजाराम पुत्र बद्री प्रसाद, पीहू पुत्री बंटी ग्राम एरोली थाना अटेरनिवासी अक्षय बघेल पुत्र रूप सिंह बघेल सिपोई मध्य प्रदेश निवासी आकाश पुत्र मोहनश्याम, छतरपुर निवासी, सुनील पुत्र चगेंश, श्रीचन्द्र पुत्र रामदयाल, भिंड निवासी आकाश पुत्र नरेन्द्र, छतरपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र जयकिशन, रूबी पुत्र बिल्लियां, मुरैना निवासी धनपत पुत्र रामजीलाल, दिल्ली निवासी दयाराम पुत्र सेवाराम, मानसिह पुत्र दयाराम, जुगलकिशोर पुत्र दयाराम, मुरैना निवासी लक्ष्मीनरायन पुत्र रामविलास, संजय शर्मा पुत्र रमेश निवासी वामोर कला, सुशील पुत्र महावीर, दीपक शर्मा पुत्र मोहनश्याम निवासी सिपोई, झांसी निवासी चन्द्रशेखर पुत्र दीनदयाल, छतरपुर निवासी मनीष चौवे पुत्र रामनरायन चौवे, रायपुर निवासी प्रीतमलाल पुत्र रामप्रकाश, राजा नगर निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र प्रेमनरायण घायल हो गए।

## राजस्थान पुलिस ने जारी की 25 वॉन्टेड बदमाशों की लिस्ट, लॉरेंस के गुर्गे का नाम भी शामिल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पुलिस ने सूबे में आपराधिक वारदातों को कम करने के लिए 25 मोस्ट वॉन्टेड अपराधियों की एक नई लिस्ट जारी की है। इसमें गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े कुछ बदमाशों के नाम भी शामिल हैं। अतिरिक्त महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने गुरुवार को यह लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में गंभीर अपराधों में शामिल 12 नए अपराधियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें से कई बदमाशों पर तो लाखों रुपये का नकद इनाम है। इसके साथ ही एडीजी ने सूबे के तमाम पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लिस्ट में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार करने को कहा है। एडीजी ने जयपुर और जोधपुर के पुलिस आयुक्तों, सभी रेंज आईजी, जिला एसपी, डीसीपी, जीआरपी अधिकारियों और एटीएस/एसओजी इकाइयों को इन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए हैं। एडीजी ने कहा कि ये 25 बदमाश समाज के लिए एक गंभीर खतरा हैं। इन्हें गिरफ्तार करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में सूबे की सभी पुलिस यूनिट इनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कोऑर्डिनेश के तहत काम करेंगी। एडीजी ने कहा कि हम जनता से भी गुजारिश करते हैं कि वे बिना किसी हिचकिचाहट के पुलिस के साथ कोई भी जानकारी साझा करें। इस लिस्ट में हत्या, डकैती, हत्या के प्रयास, शस्त्र अधिनियम उल्लंघन, एनडीपीएस अधिनियम और चोरी के मामलों में वॉन्टेड बदमाशों को शामिल किया गया है। इस लिस्ट में लॉरेंस बिशोई गिरोह का बदमाश रोहित गोदारा का नाम भी शामिल है। रोहित गोदारा हत्या और डकैती के 20 मामलों में वॉन्टेड है। राजस्थान पुलिस की ओर से रोहित गोदारा पर 1 लाख रुपये और एनआईए की ओर से 5 लाख रुपये का इनाम है। इस लिस्ट में महेंद्र उर्फ समीर मेघवाल का नाम भी शामिल है। वह हत्या के प्रयास और चोरी सहित 25 मामलों में वॉन्टेड है। उस पर एनआईए की ओर से 5 लाख रुपये और राज्य पुलिस की ओर से 2 लाख रुपये का इनाम है। लिस्ट में वीरेंद्र सिंह चारण, सतविंदर उर्फ गोल्डी बराड़, अनमोल उर्फ भानु, श्याम सुंदर उर्फ सांवरिया, सुनील कालू मीणा और अनिल पांड्या के नाम भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 28 जुलाई से शुरू होगी

**जम्मू, एजेंसी।** बाबा बूढ़ा अमरनाथ की सालाना यात्रा को लेकर बड़ी अपडेट आई है। इसके मुताबिक 13 दिन तक चलने वाली यह यात्रा 28 जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा पुंछ जिले में होती है। डीआईजी तेजिंदर सिंह ने पुंछ में सुरक्षा हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। एक प्रवक्ता ने बताया कि पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर बेसकैंप से 28 जुलाई को रवाना होगा। यह जत्था पुंछ के मंडी तहसील पहुंचेगा। इस दौरान सुरक्षा का भरपूर इंतजाम रहेगा। जम्मू के डिविजनल कमिश्नर रमेश कुमार और आईजीपी भीमसेन टूटी ने भी सुरक्षा इंतजाम को देखा। आईजीपी रमेश कुमार ने अधिकारियों से भगवतनी नगर और जम्मू रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क और रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाने के लिए कहा। इससे श्रद्धालुओं की काफी मदद होगी। इसके अलावा राजौरी और पुंछ के डिप्टी कमिश्नर को श्रद्धालुओं के लिए जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इसके तहत रास्ते में बिजली सप्लाई, पीने के पानी, लंगर, पार्किंग, वॉटरप्रूफ टेट और मोबाइल टॉयलेट लगाने के लिए कहा गया है। सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए आईजीपी ने टाइमिंग पर खास जोर दिया। साथ यह भी कहाकि आम जनता को पता होना चाहिए कि केवल आधिकारिक दस्ते ही यात्रा कर रहे हैं। बाबा बूढ़ा अमरनाथ को लेकर काफी ज्यादा मान्यता है। कहा जाता है कि अमरनाथ यात्रा तब तक पूरी नहीं मानी जाती है जब तक श्रद्धालु बूढ़ा अमरनाथ का दर्शन न कर लें। यहां पर शिवलिंग बर्फ का बना हुआ है। जहां अमरनाथ के शिवलिंग को बाबा बर्फानी कहते हैं। वहीं, बूढ़ा अमरनाथ के शिवलिंग को 'बाबा चट्टानी' कहा जाता है। कहा जाता है कि यहां आने वाले सभी भक्तों के मन की मुराद पूरी होती है।

### कर्नाटक सरकार ने हर एक विधायक को काम कराने के लिए दिए 50 करोड़ रुपये

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने राज्य में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की है। इसके तहत, हर एक विधायक को 50 करोड़ रुपये दिया गया है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य सरकार विकास को रफ्तार देना चाहती है। इसके लिए प्रत्येक विधायक के निर्वाचन क्षेत्र के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने बताया कि इस बजट में लगभग 8 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो शासक और विपक्षी विधायकों दोनों को सार्वजनिक कार्य और ग्रामीण विकास के लिए दिया जाएगा। हालांकि, राज्य में विपक्षी दल भाजपा ने इस पर सवाल उठाए हैं। इसने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने यह राशि केवल अपनी पार्टी के विधायकों के लिए आवंटित की है। बीजेपी राज्य अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र येदियुरप्पा ने एक पोस्ट में कहा कि क्या आप कांग्रेस विधायकों के मुख्यमंत्री हैं या कर्नाटक राज्य के? उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने और कांग्रेस के असंतुष्ट विधायकों को संतुष्ट करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह बजट की पवित्रता को धूमिल करता है और भाई-भतीजावाद को दर्शाता है। विजयेंद्र ने कर्नाटक सरकार के फैसले को लोकतांत्रिक भावना का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का नजरिये एक आंख के लिए मक्खन, दूसरी के लिए नींबू जैसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों को शेर का हिस्सा और विपक्षी विधायकों को खरगोश का हिस्सा दिया जा रहा है। इससे संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की भावना का अपमान हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की सत्ता लोलुपता और पक्षपातपूर्ण राजनीति के कारण कांग्रेस का कर्नाटक में भी पतन तय है।

### भाषण से अतिक्रमणकारियों को उकसाया गया तो कार्रवाई होगी: हिंमत

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि यदि पुलिस को ये पता चलता है कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के भाषणों ने पैकन आरक्षित वनक्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए अतिक्रमणकारियों को उकसाया है, तो पुलिस दोनों नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में नहीं हिचकिचाएगी। सरमा ने यह भी कहा कि विपक्षी दल अगले साल होने वाला राज्य विधानसभा चुनाव एकमात्र इस एजेंडे के साथ लड़ने की तैयारी कर रहा है कि उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाए। बृहस्पतिवार देर शाम पार्टी की एक बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, सरमा ने कहा, खरगे और गांधी का असम दौरा कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन अपनी बैठक में उन्होंने अतिक्रमणकारियों और भूमि जिहादियों को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के लिए खुलेआम प्रोत्साहित किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने बुधवार को असम का दौरा किया था, जिस दौरान उन्होंने यहां राज्य के शीर्ष पार्टी पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में चर्चा की थी और बाद में गुवाहाटी से 40 किलोमीटर दूर चायगांव में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि दोनों नेताओं के भाषणों ने अतिक्रमणकारियों को उकसाया, जिन्होंने बृहस्पतिवार सुबह ग्वालपाड़ा के पैकन आरक्षित वनक्षेत्र में सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर हमला किया, इसके बाद हुई झड़पों में एक नागरिक की मौत हो गई और पुलिसकर्मियों समेत 20 अन्य घायल हो गए।

## अंदर कौन-कौन जाएगा, अब सिर्फ गिनो; आदित्य ठाकरे पर निशाना साधने वाले पुणे में लगे होर्डिंग

**पुणे, एजेंसी।** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की ओर से पुणे में शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे को निशाना बनाने वाले होर्डिंग लगाए गए हैं। ठाकरे ने कुछ दिनों पहले पार्टी में विभाजन को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी की थी। इन होर्डिंग्स को शिंदे गुट की ओर से उद्धव ठाकरे के बेटे को जवाब माना जा रहा है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने वीडियो क्लिप जारी किया है जिसमें सड़क किनारे मकानों पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगे दिख रहे हैं। इन पर लिखा है, अंदर कौन-कौन जाएगा। अब सिर्फ गिनो। होर्डिंग पर आदित्य ठाकरे की कॉर्टून वाली तस्वीर लगी है जिसमें वह पानी में खड़े नजर आते हैं। शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता प्रमोद नाना भानगिरे की फोटो भी होर्डिंग पर नीचे छपी है। मालूम हो कि भानगिरे हडपसर विधानसभा क्षेत्र में काफी सक्रिय रहते हैं। पोस्टर वॉर आदित्य ठाकरे की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा में दिए तीखे बयानों के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने एकनाथ शिंदे पर तीखा हमला बोला था। हालांकि, उन्होंने शिंदे का नाम नहीं लिया। उन्होंने बेशर्म और गद्दार कहा था। ठाकरे ने साल 2022 में शिवसेना में विद्रोह का जिक्र करते हुए यह बयान दिया। इस बगावत के चलते उद्धव के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार गिर गई थी।

## 5000 रुपये से अधिक की खरीदी बिक्री के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारी से लेनी होगी अनुमति!

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारी उस नियम के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं जिसके मुताबिक उन्हें 5000 रुपये अधिक की किसी खरीद बिक्री के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारी से अनुमति लेनी है। हालांकि,यह नियम करीब 23 साल पुराना है, लेकिन आचरण नियमावली का सख्ती से पालन करने के लिए हाल में निकाले गए एक आदेश के बाद अब इस पर विवाद खड़ा हो गया है।

दरअसल, राज्य कर्मियों की आचरण नियमावली 2002 के नियम-22 को लेकर आपत्ति जाहिर की जा रही है। इसके मुताबिक कोई भी कर्मचारी अपने बॉस (प्राधिकारी) को जानकारी दिए बिना पांच हजार रुपये से ज्यादा की संपत्ति नहीं खरीद सकता। अब इस पर इसलिए विवाद हो रहा है क्योंकि मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन की ओर से नियमावली के संबंध में सोमवार को एक आदेश जारी किया गया। इसमें सभी विभागीय प्रमुखों को हिदायत दी गई है कि वे राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली का अनुपालन कड़ाई से कराएं। यह आदेश सभी प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं।



आदेश में कहा गया है कि यदि कोई भी कर्मचारी प्रतिमाह पांच हजार से ज्यादा की संपत्ति खरीदता है तो उसे, इसकी जानकारी अपने प्राधिकारी को देनी होगी। यदि कोई कर्मी अचल संपत्ति, जमीन का पट्टा लेता है या दान में अचल संपत्ति अर्जित करता है तो इसकी भी जानकारी पहले प्राधिकारी को देनी होगी। कर्मचारी इसका पालन नहीं करते हैं तो आचरण नियमावली का उल्लंघन होगा। आमतौर पर अफसर से कर्मचारी तक कोई भी इसका पालन नहीं करता, क्योंकि दशकों पुरानी नियमावली में अभी तक संशोधन नहीं हुआ है।

**बढ़कर एक लाख हो सकती है सीमा :** कर्मचारी आचरण नियमावली में कठोर प्रावधान के चलते आमतौर पर इसका पालन संभव नहीं हो पाता। हालांकि वर्ष 2002 में सरकार ने आचरण नियमावली में संशोधन किया पर कई बिंदु यूपी के दौर के चल रहे हैं। अब इसमें संशोधन की मांग उठने लगी है। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग के सूत्रों ने बताया कि नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार है। जल्द ही इस कैबिनेट में लाया जाएगा। इसमें पांच हजार रुपये की राशि को एक लाख करने का प्रावधान किया गया है। विरोध में लामबंद हो रहे कर्मचारी 5000 वाली सीमा को लेकर राज्य के कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं और अपने संगठनों के माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार को पर्वतीय कर्मचारी-शिक्षक संगठन के जनपद पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष सोन सिंह रावत से मिलकर नियमावली के नियम 22 पर ऐतराज जताया। हरिद्वार के जिलाध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने इसे अव्यावहारिक बताया और कहा कि सातवें वेतनमान और महंगाई दर को देखते हुए 5000 की सीमा तर्कसंगत नहीं है। आज मोबाइल, घरेलू उपकरण, वाहन के पुर्जे जैसे समान्य उपयोग की वस्तुओं की कीमत भी इससे अधिक होती है। यह नियम कर्मचारी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है।

## औसत वकील हैं कपिल सिब्बल, संसद को उनके निजी एजेंडे से नहीं चला सकते : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पर तीखा हमला बोला। रिजिजू ने सिब्बल को औसत वकील करार देते हुए कहा कि संसद को किसी एक सांसद के निजी एजेंडे से नहीं चलाया जा सकता। यह बयान सिब्बल के उस बयान के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार को जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया तब तक नहीं शुरू करनी चाहिए, जब तक जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणियों के लिए महाभियोग की जांच शुरू नहीं की जाती।



रिजिजू ने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल एकमत हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से नोटों की जली हुई गड्डियां बरामद हुई थीं। रिजिजू ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे जानकारी मिली कि कपिल सिब्बल किसी को बचाने और किसी के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने महसूस किया कि सिब्बल एक वरिष्ठ व्यक्ति हैं, लेकिन वे केवल अपने निजी एजेंडे से प्रेरित हैं। उन्होंने सिब्बल पर संसद में कम समय बिताने और सांसदों को उपदेश देने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा, वह नहीं समझते कि कई सांसद उनसे समझ, बौद्धिकता और ज्ञान में कहीं आगे हैं। वह एक औसत वकील हैं और संसद को दिशा नहीं दे सकते। रिजिजू ने जोर देकर कहा कि संसद केवल सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के जज को हटाने का एकमात्र मंच है, और यह नियम है। उन्होंने कहा, संसद भारत के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का सर्वोच्च मंच है। इसे किसी एक व्यक्ति के एजेंडे से नहीं चलाया जा सकता। यह विवाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया से जुड़ा है, जिनके दिल्ली स्थित आवास पर मार्च में आग लगने की घटना के बाद आउटहाउस में आधा जला हुआ कैश का ढेर मिला था। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के नेतृत्व में एक आंतरिक जांच समिति ने जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के स्टोर रूम पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण की पुष्टि की, जिसके आधार पर उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की गई। दूसरी ओर, सिब्बल ने जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ 55 विपक्षी सांसदों द्वारा दिसंबर 2024 में दायर महाभियोग याचिका का हवाला देते हुए सरकार पर जस्टिस यादव को बचाने का आरोप लगाया। रिजिजू ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि संसद सभी सांसदों द्वारा सामूहिक रूप से निर्देशित होगी, न कि किसी एक व्यक्ति के एजेंडे से। रिजिजू ने यह भी बताया कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, का समर्थन प्राप्त है।

## शिमला के कोटखाई में अवैध कब्जों पर ऐक्शन, 4530 पेड़ काट मुक्त कराई जंगल की जमीन

**शिम्मला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई उपमंडल के चैथला गांव में वर्षों से विवादित 275 बीघा वन भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। हाईकोर्ट के फरमान पर 12 जुलाई से शुरू हुई इस मुहिम में अब तक कुल 4530 सेब और नाशपाती के पेड़ काटे जा चुके हैं। शुक्रवार 18 जुलाई को भी वन विभाग की टीम ने पांदली गांव चैथला में 228 फलदार पेड़ काटकर अतिक्रमण हटाया।

**सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सरकार :** प्रदेश सरकार ने इस कार्रवाई को लेकर अब बड़ा फैसला लिया है। शुक्रवार शाम को राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में तय किया गया कि हिमाचल हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु भी कह चुके हैं कि सरकार इस फैसले के कानूनी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर रही है ताकि किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा की जा सके।

**हाईकोर्ट ने दिया था आदेश :** गौरतलब है कि हिमाचल हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि वन भूमि पर अवैध कब्जा कर लगाए गए फलदार पेड़ों को काटकर जमीन को खाली कराया जाए। इसके बाद 12 जुलाई से प्रशासन ने इस कार्रवाई की शुरुआत की थी। पहले दिन करीब 100 सेब के पेड़ काटे गए और आगामी दिनों में 3800 से अधिक पौधों को हटाने की योजना बनाई गई थी। अब तक प्रशासन कुल 4530 पेड़ काट चुका है, जिससे बड़ी संख्या में बागवान प्रभावित हुए हैं। इस कार्रवाई की अगुवाई एसडीएम कोटखाई मोहन शर्मा ने की, जबकि मौके पर डीएफओ ठियोग मुनीश रामपाल, डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा, रेंज ऑफिसर कोटखाई, वन विभाग के कर्मचारी, मशीनें, मजदूर और 6 सदस्यीय रिजर्व फोर्स तैनात रही। मानसूनी बारिश के बावजूद प्रशासन ने कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



## गुरुग्राम में 4 नायब तहसीलदार और पटवारी समेत कई अफसरों पर मामला दर्ज

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में हीरो होंडा चौक के पास डेढ़ एकड़ बेशकीमती जमीन को धोखाधड़ी से बेचने के आरोप में गुरुग्राम पुलिस ने चार नायब तहसीलदार, एक पटवारी, एचएसवीपी कर्मचारियों समेत कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि यह जमीन उद्योगपति रहे राकेश बत्रा ने कादीपुर तहसील स्टाफ से मिलीभगत करके बेची थी।

एचएसवीपी ने इस जमीन का अधिग्रहण सेक्टर-37 के औद्योगिक क्षेत्र के विकास और बादशाहपुर नाले को चौड़ा करने के लिए किया था। यह मामला तब संज्ञान में आया, जब रेवाड़ी निवासी प्रवीण राव ने पिछले साल मई माह में एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि साल 2022 में डीएलएफ निवासी राकेश बत्रा ने गुरुग्राम नगर निगम, कादीपुर तहसील और एचएसवीपी के अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठगांठ करके अधिग्रहित जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काटकर उसे बेच डाला। बत्रा पर आरोप है कि उसने अपने स्वामित्व से अधिक भूमि को बेच दिया, जिसमें एचएसवीपी की अधिग्रहित जमीन भी शामिल थी। एचएसवीपी ने साल 1988 में औद्योगिक सेक्टर-37 को विकसित करने के लिए गांव खांडसा, कादीपुर और नाहरपुर गांव की जमीन का अधिग्रहण किया था। बत्रा की चार एकड़ में से तीन एकड़ जमीन का अधिग्रहण हो गया था। उन्होंने साल 1990 में इस अधिग्रहण के खिलाफ में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन साल 2001 में इसे खारिज कर दिया था। जमीन का कब्जा एचएसवीपी को सौंप दिया था। साल 2001 में राकेश बत्रा ने बची जमीन के सीएलयू (भूमि उपयोग परिवर्तन) के लिए नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में आवेदन किया। साल 2004 में उन्होंने शांति इस्पात लिमिटेड के नाम 26771 वर्ग गज का सीएलयू हासिल कर लिया। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार, साल 2001 के भूमि अधिग्रहण के बाद राकेश बत्रा के पास 22365 वर्ग गज जमीन बची थी। एचएसवीपी के अधिकारियों को गुमराह करके 4406 वर्ग गज अधिग्रहित जमीन का सीएलयू भी ले लिया। साल 2009 में एचएसवीपी ने बादशाहपुर नाले को चौड़ा करने के लिए बत्रा की आधा एकड़ जमीन का फिर से अधिग्रहण किया था। मिलीभगत कर 22 प्लॉट काटे गए



जांच में सामने आया कि राकेश बत्रा ने कादीपुर तहसील स्टाफ की मिलीभगत से पांच एकड़ जमीन पर 22 प्लॉट काटकर अलग-अलग लोगों को बेच डाला। सात अलग-अलग हिस्सों में 11759 वर्ग गज जमीन को अपने भाई पवन बत्रा और बेटे अमन बत्रा के नाम कर दिया। आरोप है कि राकेश बत्रा ने ज्यादातर प्लॉट एचएसवीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी रहे गुलशन कुमार के परिवार को बेचे हैं। गुलशन कुमार की पत्नी वंदना के नाम पर दो रजिस्ट्रियां हुईं। आरोप है कि बत्रा ने एचएसवीपी की 7712 वर्ग गज जमीन को बेचा है। इस मामले में सीएम विंडो के माध्यम से एक शिकायत हुई।



## आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

● 2016 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल को बताया सबसे गर्व का पल; वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ऐलान किया है कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले दो टी20 मैचों के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। यह दोनों मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है। रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले और अपनी सबसे यादगार पारी 2016 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ मुंबई में खेली। उस मैच में भारत ने 193 रन बनाए थे। रसेल जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों में 77 रन की जरूरत थी। रसेल ने नाबाद 43 रन सिर्फ 20 गेंदों में बनाए और आखिरी ओवर में विराट कोहली की गेंद पर छक्का मारकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। 2016 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मेरी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल था। उस समय भारत का पूरा स्टेडियम अपनी टीम को सपोर्ट कर रहा था, जिससे थोड़ा दबाव था। लेकिन पिच अच्छी थी और ड्रेसिंग रूम में हमें आत्मविश्वास था। इसी भरोसे ने मुझे खुलकर खेलने की आजादी दी।

## ICC ने लगाया जुर्माना तो बिफरीं ये भारतीय क्रिकेटर, कहा- हंगामा करना ठीक नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भभारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने एक्शन लेते हुए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया. प्रतिका की इंग्लिश खिलाड़ियों लॉरेन फाइलर और सोफी एक्लेस्टोन से टक्कर हो गई, जिसके चलते आईसीसी ने ये एक्शन लिया. प्रतिका के खाते में आईसीसी ने एक डिमेरिट अंक भी जोड़े हैं.

अब प्रतिका रावल ने इस पूरे मामले पर सफाई दी है. प्रतिका ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका कंधा अनजाने में इंग्लिश खिलाड़ियों से टकराया था और वह केवल अपनी लाइन में दौड़ रही थीं. इसे लेकर हंगामा करना ठीक नहीं है. रावल ने कहा, यह बिल्कुल भी जानबूझकर नहीं था. मैं सिर्फ अपनी दिशा में दौड़ रही थी और यह टकराव बस हो गया. इस पर ज्यादा प्रतिक्रिया देने या हंगामा करने की जरूरत नहीं है. इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में भारतीय पारी के 18वें और 19वें ओवर में ये वाकया हुआ. 18वें ओवर में प्रतिका रावल रन लेते वक्त इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर से टकरा गईं. वहीं 19वें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन की गेंद पर आउट होने के बाद उनकी गेंदबाज से बहस हुई और इस दौरान कंधा भी टकराया.

**फ्री स्टाईल चेसः**

## अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल से बाहर, फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अरोनियन से हारे



**लास वेगास, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था। अरोनियन के खिलाफ भी पहली बाजी में वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन मौकों को भुनाने में असफल रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में स्वप्निल सफर सेमीफाइनल में आर्मेनिया के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका की तरफ से खेल रहे लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार के साथ समाप्त हो गया। एरिगैसी ने प्रतियोगिता में इससे पहले शानदार प्रदर्शन किया था तथा वह फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। अरोनियन के खिलाफ वह अपनी जादुई लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें दोनों बाजियों में हार का सामना करना पड़ा।



# घरेलू क्रिकेट में वापसी को तैयार मो. शमी

**बंगाल के संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया है। चोट की चिंताओं के चलते शमी को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम से बाहर रखा गया था। 34 वर्षीय मोहम्मद शमी ने इंडियन प्रीमियर लीग-2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

इस सीजन में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। शमी भारत की ओर से मार्च 2025 में आखिरी बार खेले थे। यह चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला था। इस टूर्नामेंट में शमी ने पांच मुकाबले खेलते हुए नौ विकेट अपने नाम किए थे। वनडे वर्ल्ड कप-2023 में मोहम्मद शमी ने 24 विकेट अपने नाम किए थे। इसके बाद उन्होंने टखने की सर्जरी करवाई। हाल ही में शमी ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए रणजी ट्रॉफी में बंगाल को मध्य प्रदेश के खिलाफ 11 रन से रोमांचक जीत दिलाई। इस मैच में शमी ने 7 विकेट लेने के अलावा बल्ले से 37 रन भी बनाए। 34 वर्षीय शमी ने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए सीमित ओवरों के चार मुकाबले खेलते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी की। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने शमी के पूरी तरह से फिट नहीं होने की जानकारी देते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुना। शमी आखिरी बार जून 2023 में टेस्ट फॉर्मेट खेले थे। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मैच था। इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम का ऐलान करते हुए अगरकर ने खुलासा किया था कि शमी की फिटनेस संबंधी समस्याओं और टेस्ट मैच में वर्कलोड मैनेजमेंट की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए शमी का चयन नहीं हो पाया। बंगाल ने जिन 50 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की, उसमें अभिमन्यु ईश्वरन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद और अभिषेक पोरेल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## डब्ल्यूसीएल 2025: इंडिया-पाकिस्तान मैच से पहले मचा बवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 की शुरुआत 18 जुलाई से हो चुकी है और इसमें इंडिया चैंपियंस टीम भी हिस्सा ले रही है। इस सीजन में एक बार फिर से युवराज सिंह की कप्तानी में ये टीम अपने खिताब को डिफेंड करने उतरेगी। इंडिया ने इस लीग के पहले सीजन में फाइनल में पाकिस्तान को हराकर पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। अब इस सीजन में इंडिया का पहला मैच पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होना है, लेकिन इससे पहले बवाल मच गया है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले इंडिया चैंपियंस के लिए खेल रहे खिलाड़ियों पर क्रिकेट फैंस बुरी तरह से भड़क गए हैं और सोशल मीडिया पर इन खिलाड़ियों को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

## एशिया कप 2025 पर गहराया संकट

● BCCI ने कहा- टीम इंडिया नहीं लेगी हिस्सा, जानिए क्या है पूरा मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 को लेकर संकट के बादल गहराने लगे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशियन क्रिकेट काउंसिल की 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रस्तावित सालाना बैठक को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि अगर बैठक का स्थान नहीं बदला गया, तो वह बैठक में लिए गए किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई ने बांग्लादेश में मौजूदा हालात और वहां बढ़ते राजनीतिक तनाव को देखते हुए पहले ही एसीसी से बैठक का स्थान बदलने की मांग की थी। हालांकि, एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।




## Hockey India:

## सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ी चयनित, हॉकी इंडिया ने की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को इसमें भी मौका दिया गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह शिविर काफी अहम समय पर लगाया जा रहा है।



हॉकी इंडिया ने यहां 21 जुलाई से 29 अगस्त तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) पर होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 40 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। पांच सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप को देखते हुए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है । यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा । पिछले शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को इसमें भी मौका दिया गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह शिविर काफी अहम समय पर लगाया जा रहा है ।

एशिया कप प्रतिष्ठित टूर्नामेंट होने के साथ विश्व कप 2026 में सीधे जगह बनाने का जरिया भी है । हमारा पूरा फोकस मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को तैयार करने पर होगा। उन्होंने कहा, हमने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने के लिये पिछले शिविर के कोर ग्रुप को बरकरार रखा है । यूरोप में प्रो लीग में हमें मनचाहे नतीजे नहीं मिले लेकिन इस शिविर से हमे आत्ममंथन करके मजबूती से वापसी का मौका मिलेगा। भारतीय सीनियर कोर ग्रुप की सूची इस प्रकार है।

**गोलकीपरः** सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो, समीक्षा सक्सेना।

**डिफेंडरः** महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता ढेकाले, अंजना डुंगडुंग, सुमन देवी।

**मिडफील्डरः** सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो, पूजा यादव।

**फॉरवर्डः** दिपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अन्नु, चंदना जगदीश, काजल अत्पडकर।

## त्रिकोणीय टी20 सीरीजः कॉन्वे के नाबाद 59 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया



**हरारे, एजेंसी।** त्रिकोणीय टी20 सीरीज में मेजबान जिम्बाब्वे को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद जिम्बाब्वे को शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए। जिम्बाब्वे के लिए सर्वाधिक 36 वेस्ले मेधवेरे ने बनाए। ब्रायन बेनेट ने 21, सिकंदर रजा और रेयान बर्ल ने 12-12 और टोनी मुनयोंगा ने 13 रन बनाए। बल्लेबाज शुरुआत मिलने के बाद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए और यही वजह रही कि टीम 121 रन का मामूली लक्ष्य न्यूजीलैंड के सामने रख पाई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने एक बार फिर घातक गेंदबाजी की। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। इसके अलावा एडम मिल्ने, मिशेल सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने 13.5 ओवर में 2 विकेट पर 122 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। कीवी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने टिम सिफर्ट के रूप में 5 के स्कोर पर अपना पहला विकेट खो दिया। दूसरे विकेट के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने 59 रन की साझेदारी की। टीम का स्कोर जब 64 था, उस समय रवींद्र 19 गेंद पर 4 छक्के और 1 चौके लगाते हुए 30 रन बनाकर आउट हुए। कॉनवे ने इसके बाद डेरिल मिचेल के साथ 58 रन जोड़ते हुए टीम को 8 रन से जीत दिला दी।

## ऋतुराज ने यॉर्कशायर के साथ चैंपियनशिप करार से नाम वापस लिया

**लीड्स, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते इस सीजन यॉर्कशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप नहीं खेलेंगे। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ पांच मुकाबलों के लिए डील की थी।



काउंटी चैंपियनशिप की शुरुआत 22 जुलाई से होने जा रही है। यॉर्कशायर की टीम अपना पहला मैच सरे के खिलाफ खेलेगी।

यॉर्कशायर के हेड कोच एंथनी मैक्ग्राथ ने बताया कि काउंटी टीम ऋतुराज गायकवाड़ के विकल्प पर विचार कर रही है। एंथनी मैक्ग्राथ ने कहा, दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते अभी टीम से नहीं जुड़ रहे हैं। वह स्कारबोरो या बाकी सीजन में टीम के लिए नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

**कोई ऑस्ट्रेलिया से, कोई भारत से...**

# इन 11 खिलाड़ियों के दम पर इटली ने पाया टी20 वर्ल्ड कप टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इटली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले साल होने वाले मेन्स टी20 वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी. इटली की टीम ने पहली पार किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया, ऐसे में ये उसके लिए ऐतिहासिक पल रहा. इटली ने टी20 वर्ल्ड कप यूरोप क्वालिफायर 2025 में दूसरा स्थान हासिल करके ये उपलब्धि हासिल की. अब इतालवी खिलाड़ी भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना जलवा बिखेरेंगे. इटली में फुटबॉल काफी लोकप्रिय है, हालांकि पिछले दो स्रढ्ढस्न वर्ल्ड कप के लिए इटली की फुटबॉल टीम क्वालिफाई नहीं कर पाई. वहीं 2026 के वर्ल्ड कप में भी इटली की फुटबॉल टीम का भाग लेना तय नहीं है.

### इटली की टीम में किस देश के कितने प्लेयर?

इटली को टी20 वर्ल्ड कप टिकट दिलाने में बाहरी खिलाड़ियों का अहम रोल रहा है. नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में जिन 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया, उसमें से 5 का ताल्लुक ऑस्ट्रेलिया से था. वहीं दो खिलाड़ी एशियाई मूल थे. जबकि दो खिलाड़ियों का संबंध ब्रिटेन से भी है. जबकि 2 प्लेयर इतालवी मूल के थे.

**1. थॉमस ड्रेका:** सिडनी में जन्मे थॉमस ड्रेका ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मेगा ऑक्शन के लिए अपना नाम रजिस्टर कराया था, जिसके चलते वो सुर्खियों में आए थे. ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेनिस लिली इस खिलाड़ी के अंकल माने जाते हैं.



**2. जो बर्न्सः** इस खिलाड़ी के नाम से तो फैन्स अच्छी तरह वाकिफ होंगे. बर्न्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 23 टेस्ट और 6 वनडे मुकाबले खेले.

**3. हैरी जॉन मैनेंटः** बिग बैश लीग में हैरी मैनेंटी एडिलेड स्ट्राइकर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं. हैरी इटली के ऐसे पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने किसी टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 5 विकेट झटके.

**4. बेन मैनेंटीः** हैरी मैनेंटी के बड़े भाई बेन भी इटली के लिए खेलते हैं. ऑफ स्पिन गेंदबाज बेन ऑस्ट्रेलिया में सिडनी सिक्सर्स और तस्मानिया के लिए खेल चुके हैं. हैरी और बेन की दादी इतालवी मूल की थी. इसी चलते दोनों भाइयों को इटली के लिए खेलने का अवसर मिल गया.

**5. ग्रांट स्टीवर्टः** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे ग्रांट स्टीवर्ट की मां इटालियन हैं, जिसके कारण वो इटली की टीम में शामिल हुए. स्टीवर्ट ने साल 2017 में केंट के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया.

**6. एमिलियो गेः** 25 साल के एमिलियो का जन्म इंग्लैंड के ब्रेडफोर्ड में हुआ था. बाएं हाथ के बल्लेबाज एमिलियो की मां इतालवी हैं, जिसके चलते उन्हें इटली के लिए खेलने में आसानी हुई है.

**7. मार्कस कैंपोपियानोः** विकेटकीपर बल्लेबाज मार्कस कैंपोपियानो का जन्म टावर हैमलेट्स (इंग्लैंड) में हुआ था.

8. जस्टिन मोस्कः जस्टिन मोस्का का जन्म इटली में हुआ था. जस्टिन को कम उम्र में ही क्रिकेट का शौक हो गया था, जिसके चलते उन्होंने इस खेल में आगे बढ़ने का फैसला किया.

9. एंथोनी जोसेफ मोस्काः दाएं हाथ के बल्लेबाज एंथोनी मोस्का का जन्म अगस्त 1991 में हुआ था. एंथोनी ने इटली टीम के लिए खेलने से पहले यहां काफी क्लब क्रिकेट खेला.

**10. जसप्रीत सिंहः** पंजाब के फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह मध्यम गति के तेज गेंदबाज हैं.

**11. क्रिशन कालूगामागेः** श्रीलंकाई मूल के क्रिशन कालूगामागे दाएं हाथ के ऑफ ब्रेक गेंदबाज हैं. 34 वर्षीय कालूगामागे ने इटली के लिए 15 टी20 इंटरनेशनल और 13 लिस्ट-ए मुकाबलों में शिरकत किया है.

# कबाड़ माफियाओं के चंगुल में शहडोल

## पुलिस को नहीं सरोकार, संभाग भर में संचालित है सिंडिकेट का अवैध कारोबार

**शहडोल ( विंध्य टाइगर )।** संपूर्ण संभाग मानो इन दिनों सिंडिकेट कबाड़ माफियाओं के गिरफ्त में है। लगातार चोरी, लूट और डकैती जैसे वारदात खुलेआम बढ़ते क्रम में देखें जा रहे हैं। जिसके तार सीधे तौर पर इन कबाड़ माफियाओं के लिंक से जुड़ते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे,, बल्कि यह तो अब गली चौक चौराहों पर स्वमेव ही चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां पुलिस पर खुल्लम-खुल्ला संरक्षण दिए जाने के आरोप भी लग रहे हैं। आरोप को बल भी मिलता है, तब.. जब सवाल यह उठता हो कि, आखिरकार सिंडिकेट के ठीहों में आसानी के साथ चोरी की सामग्रियां एकत्रित हो रही हों और उतनी ही आसानी पूर्वक यह बकायदा जिलों की सीमाओं को लांघ कर सुगमता के साथ अन्यत्र पहुंच रही हों। कहा यह भी जा रहा



है कि, इस मामले में यदि उच्च स्तरीय जांच हुई तो, पुलिस विभाग के कई अफसर से लेकर कर्मियों पर आंच आ सकती है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और कॉल डिटेल और मोबाइल लोकेशन इसमें काफी मददगार साबित हो सकते हैं। यहां एक बड़ा सवाल यह है कि, आखिर किसके जुगाड़ व संरक्षण में यह अवैध कारोबार व सिंडिकेट अमरबेल की भांति फल-फूल एवं फैल रहा है। कबाड़ के छोटे से छोटे ठीहे में भी लाखों रुपए का चोरी का माल पहुंच रहा है। जिन्हें बड़ी तेजी और मुस्तैदी के साथ जिले से बाहर तय स्थान पर बेखौफ होकर भेजा जा रहा है। जो न केवल देश-भक्ति, जन-सेवा को शिरोधार्य करने वाले पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है! अपितु, कर्तव्यनिष्ठा पर एक बड़ा प्रश्न भी है! आखिर कैसे बिना किसी प्रमाणित दस्तावेज के, अवैध कबाड़ का वाहन कई थाना रेखा को पार कर अपने नियत स्थल पर सुरक्षित पहुंच रहा है? सूत्रों की मानें तो, प्रतिदिन दो से चार गाड़ी (बड़े वाहन में) चोरी और लूट का सामान जबलपुर व रायपुर तक पहुंच रहा है।

विचारणीय है कि, इतने बड़े पैमाने पर आखिर लोहा, टीना, एल्यूमीनियम, तांबा, पीतल, टीना, टप्पर जैसे कबाड़ कहां से आ रहा है। जिसका लेखा जोखा खंगालने की कोशिश शायद शहडोल, उमरिया व अनूपपुर की पुलिस ने कभी की ही नहीं? यदि ऐसा सतत रूप से होता तो, कबाड़ माफियाओं का सिंडिकेट उभर कर अवैध कारोबार के नाम पर चमक न रहा होता। दूसरी ओर चोरी और लूट का माल भी आसानी से न बिक रहा होता। इसी क्रम में इन अपराधों का ग्राफ भी न बढ़ रहा होता। खैर, सैंया भऐ चौकीदार, तो अब डर काहे का की तर्ज़ पर कबाड़ माफियाओं के हौसले बुलंदी पर हैं। जिस पर लगाम लगाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कबाड़ माफियाओं के संचालित इन ठीहों में लगभग प्रतिदिन ही चोरी या अनर्गल तरीके से क्रय किए गए दो-पहिया एवं चार पाहिया सहित अन्य वाहनों को धड़ल्ले से काटा जाता है। बिना किसी परमिट व परमिशन के ही इस काम को बाखूबी अंजाम दिया जा रहा है। बताया गया है कि, अधिकांश ठीहे नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हैं। बिना परमिशन के गोदाम जहां एसईसीएल की बेशकीमती मशीनों तक को बड़ी आसानी से टुकडों में तब्दील कर कबाड़ का स्वरूप देने का अपराध बेखौफ व बेधड़क किया जा रहा है। बताया गया है कि, शहडोल मुख्यालय अंतर्गत गुड्डू, बुढ़ार व अमलाई में अनीश, उमरिया व पाली में जावेद सहित अनूपपुर में जानू जैसे तथाकथित कबाड़ी सिंडिकेट बनाकर अपने अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं।

## स्वयं को मजबूत रखने के लिए हिम्मत रखना चाहिए : डॉ. सतीश

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा है कि स्वयं को मजबूत बनाने के लिए हिम्मत रखना चाहिए और कभी भी हिम्मत नहीं हारना चाहिए, जिससे लक्ष्य को हासिल किया जा सके। वे आज इनक्यूबेशन सेंटर सतना पर संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र- छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि अवसर को खोना नही चाहिए। उन्होंने सिलेबस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने तैयारी के दौरान कौनसी बुक से पढ़ाई की, वह भी बताया। साथ ही करेंट अफेयर्स कैसे तैयार करना चाहिए तथा उन्होंने अपनी मां के द्वारा कहीं गई कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि अपना जीवन अपने अनुसार जीये लोगो का काम है कहना। साथ ही उन्होंने बताया कि अपनी जिम्मेदारी स्वयं ले चाहे जैसी परिस्थिति हो सफल हो या फिर असफल हो। उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा उठाई गई जिज्ञासाओं का समधान भी किया।

## रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक में कई निर्णय

**सतना।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की शनिवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में जिला चिकित्सालय में पार्किंग और चिकित्सा सेवाओं के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डीन मेडीकल कॉलेज सतना एस.डी. गर्ग, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, आरएमओ डॉ. शरद दुबे, डॉ. अमर सिंह, डॉ. विजेयता राजपूत, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह तथा पीआईयू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी समिति सदस्य उपस्थित रहे। रोगी कल्याण समिति की बैठक में सिविल सर्जन डॉ. शुक्ला ने बताया कि जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की अप्रैल 2025 की बैठक में लिये सभी निर्णय में अनुवर्ती कार्यवाही पूरी कर ली गई है। बैठक में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अंतर्गत प्रदाय किये जाने वाली राशि के लिए बचत खाता रोगी कल्याण समिति के नाम से खोले जाने जेएसवाय और पीएमएसवाय योजना के हितग्राही को रोगी कल्याण समिति से किये गये भुगतान को एनएचएम से वापस दिलाये जाने बावत। जिला चिकित्सालय सतना में ई-हास्पिटल साफ्टवेयर के संचालन के लिए पूर्व में चयनित आउटसोर्स एजेंसी की जमा प्रतिभूति राशि को 1 लाख रूपये को राजसात करने और इसी स्वीकृत दर पर दूसरी फर्म को कार्य संचालन के संबंध में चर्चा की गई। अधीष्ठा शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय सतना को कार्यकारिणी समिति का सदस्य नामांकित करने और जिला चिकित्सालय के माइनर सिविल वर्क कराये जाने की प्रक्रिया के बारे में चर्चा की गई।

## बृजपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से पशुओं का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले 03 आरोपियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से पशुओं का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी निर्देश के पालन में थाना बृजपुर पुलिस द्वारा 03 आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी बृजपुर उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना बृजपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18/07/2025 को मुखबिर



सूचना के आधार पर पन्ना तिराहा पहाड़ीखेरा के पास वाहन चेकिंग के दौरान नागौद की तरफ से कालींजर की ओर आ रहे एक कंटेनर वाहन को रोका गया । कंटेनर वाहन चालक सहित कुल 03 व्यक्ति पाये गये जिनसे पुलिस टीम द्वारा नाम पूँछकर कंटेनर को चेक किया गया। जिसमें 37 नग भैंसे क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरे होना पाए गए, पशुओं के मुँह और पैर रस्सियों से कसकर बँधे हुए थे एवं भोजन-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक उक्त कंटेनर में ठूँस-ठूँस कर भरे भैंस/पड़ा को सुरक्षित उतरवाकर परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर वाहन को जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रूरता एवं मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार आरोपी में शादाब पिता शलाउद्दीन निवासी साऊथ खालापार, मुजफ्फरनगर। मोहम्मद शमीर पिता मोहम्मद शकील निवासी नफीसगंजठक्कर ग्राम वार्ड, जबलपुर। मोहम्मद जुबेर पिता इसरार। जप्त मशरूका में पुलिस टीम द्वारा मौके से पशु परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर वाहन (अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख) तथा उसमें भरे गए कुल 37 नग भैंसे (अनुमानित कीमत 5 लाख 55 हजार) इस प्रकार कुल करीब ?20 लाख 55 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया गया है ।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया लोगों को जागरूक करने का प्रयास

### विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर नशे से दूर रहने की दिलाई गई शपथ

**मैहर।** पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश श्री कैलाश मकवाना व्दारा नारकोटिक्स शाखा के माध्यम से पूरे प्रदेश में नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। तनशे से दूरी है जरूरीत्त जनजागृति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में जिला मैहर में प्रतिदिन जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज दिनांक 19.07.2025 को महाकाल विद्यालय के छात्रों द्वारा घंटाघर चौराहे पर नशा मुक्ति जन




जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया व लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में थाना कोतवाली का स्टाफ उपस्थित रहा।

थाना प्रभारी नादन निरीक्षक के एन बंजारे द्वारा ग्राम तिलौरा स्थित शासकीय हाई स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक एवम थाना नादन का स्टाफ उपास्थित रहा। थाना प्रभारी अमरपाटन निरीक्षक के. पी. त्रिपाठी द्वारा संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल अमरपाटन में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण को नशा मुक्ति संबंधी व्याख्यान देकर उपस्थित सभी जनो को नशे से दूरी बनाएं रखने की सलाह दी एवं नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई।

इसी प्रकार थाना बदेरा एवम थाना रामनगर पुलिस के द्वारा ग्राम लटागांव एवम ग्राम छीरहाई स्थित शासकीय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी गई ।

## एआई साफ्टवेयर का उपयोग कर मां शारदा देवी मंदिर में ब्लास्ट की झूठी अफवाह फैलाने वाला भेजा गया जेल

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन एवं चंचल नागर अपुअ, महेन्द्र सिंह चौहान सीएसपी मैहर के मार्गदर्शन में निरीक्षक अनिमेष दिवेदी थाना प्रभारी कोतवाली मैहर के नेतृत्व में मिली सफलता वीडियो वायरल होने के महज 12 घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

18.07.2025 को विभिन्न व्हास्ट्सप ग्रुपों एवं सोशल मीडिया में मां शारदा देवीजी मंदिर मैहर में प्रवेश द्वार पर आतंकवादी हमला (ब्लास्ट) होने एवं कुछ श्रद्धालुओं के हताहत होने की वीडियो वायरल होने पर करीबन 40 लाख से अधिक सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा वीडियो देखा गया तथा उक्त कथित



भ्रामक वीडियो के संबंध में लोगों में काफी आक्रोश देखा गया जिस पर कार्यालय अधीक्षक मां शारदा देवी मंदिर मैहर द्वारा थाना मैहर मे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट से उक्त झूठी ब्लास्ट होने की वीडियो वायरल किये जाने व लोगो की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर थाना कोतवाली मैहर मे अपराध धारा 192, 299, 351(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर आरोपी द्वारा वीडियों वायरल हेतु उपयोग किये गये फेसबुक अकाउंट के संबंध में जांच की गई जो आरोपी दीपांशु गुप्ता निवासी सीधी का पाये जाने पर आरोपी उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मैहर द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा 12 घंटे के अंदर पकड़ा गया जिसने पूंछताछ पर ढ्ढ साफ्टवेयर का उपयोग कर देवीजी शारदा मंदिर में ब्लास्ट की झूठी वीडियो बनाकर वायरल करना बताया। जिस पर आरोपी का वीडियो वायरल में प्रयुक्त ऋश्वरु स्श्व कंपनी का एन्ड्राइड मोबाइल फोन जब्त कर आरोपी दीपांशु गुप्ता पिता दिनेश गुप्ता 19 वर्ष निवासी पोंडी थाना मझौली जिला सीधी को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया है।

जप्ती विवरण में भ्रामक वीडियो बनाने एवं वायरल करने में प्रयुक्त ऋश्वरु स्श्व कंपनी का एन्ड्राइड मोबाइल फोन कीमती 15 हजार रु.

नाम पता गिरफ्तार आरोपी में दीपांशु गुप्ता पिता दिनेश गुप्ता 19 वर्ष निवासी पोंडी थाना मझौली जिला सीधी

सराहनीय भूमिका में निरीक्षक अनिमेष दिवेदी थाना प्रभारी कोतवाली मैहर, सउनि अरविन्द दिवेदी, सउनि पुष्पेन्द्र सिंह, प्रआर पुष्पेन्द्र वर्मा, आर. आशुतोष यादव, संजय तिवारी, शिवम तिवारी एवं सायवर सेल मैहर से आर. संदीप सिंह, सुशील दिवेदी की रही है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कटिया विद्यालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण

**मैहर।** सरकार द्वारा चलाया जा रहा अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत कटिया स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि समाजसेवी व छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया, छात्र छात्राओं को मानव जीवन में वृक्षों के महत्व व पर्यावरण लाभ के बारे में समझाया गया एवं पर्यावरण को स्वच्छ व हरा भरा रखने हेतु समाज को संदेश दिया गया। इस दौरान फलदार पौधे जिसमें आम,जामुन, कटहल, इमली, आंवला, एवं सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला



पौधा पीपल, एवं बरगद के पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, नितिन ताम्रकार, वार्ड नं 22 के पार्षद प्रतिनिधि पवन दुबे,वार्ड न 24 के पार्षद जितेंद्र पांडे, सुभाष द्विवेदी, प्रवीण गौतम, जयंत जैन, जितेश जैन सहित समाजसेवी कार्यकर्ता व स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी द्वारा आयोजित शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की 14 वीं प्रस्तुति 1 अगस्त को

**मैहर।** मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत संम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 01 जुलाई 2024 दिन सोमवार से प्रारंभ किया गया था। जिसकी चौदहवीं प्रस्तुति मैहर म्यूजिक 1 अगस्त 25 दिन शुक्रवार शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर में सायं 7 बजे से 9 बजे तक संपन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनउपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत कॉलेज परिसर में लगाई जाएगी। इस हेतु कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ दिनांक 25 जुलाई 2025 तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी श्री अनिल कुमार जायसवाल, सहायक व्याख्याता के पास जमा कर सकते हैं। जिन कलाकारों की प्रस्तुतियां हो चुकी हैं, वह भी नए सिरे से कुछ नए संकलन के साथ पुन: आवेदन करने के पात्र होंगे, मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु जिला प्रशासन की अनूठी पहल पर उक्त शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की 01 तारीख को किया जा रहा है।आयोजक मंडल ने शास्त्रीय संगीत के इस नियमित मासिक कार्यक्रम के अवसर पर नवोदित कलाकारों के उत्साह वर्धन हेतु कला प्रेमी जनता से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## बाल कल्याण समिति द्वारा विधि स्नातक कि छात्राओं को प्रमाण पत्र किए वितरित

**पन्ना।** एस ए जी ई भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में विधि विभाग की छात्राओं के द्वारा इंटर्नशिप करने के बाद पन्ना बाल कल्याण समिति द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए ज्ञात हो कुमारी मानसी खरे भोपाल एवं खुशबू बागरी इंदौर द्वारा सभी छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षित किया गया तत्पश्चात वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री आशा खरे के द्वारा उन्हें विधि संबंधी इंटर शिप की विभिन्न जानकारियां से अवगत कराया गया तत्पश्चात पन्ना बाल कल्याण समिति की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरित किए इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से भानु प्रताप जड़िया अध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव प्रमोद सिंह अंजलि भदोरिया आशीष बॉस सदस्य एवं अनेक लोग उपस्थित रहे।

## उपभोक्ता की बिना सहमति नहीं लगेंगे स्मार्ट और डिजिटल मीटर : नारायण

### 29 जुलाई को डी ऑफिस मैहर का करेंगे घेराव

**मैहर**

जनता के मुद्दों को लेकर हमेशा सड़कों पर आंदोलन करने वाले मैहर के पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी फिर स्मार्ट मीटर के मुद्दे को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि पिछला चुनाव हार जाने के काफी समय बाद वो जनता से रुबरु हुए हैं। लेकिन उनका अंदाज अभी भी वही है चाहे पक्ष में हों या विपक्ष में कभी अपनी ही सरकार के खिलाफ तो कभी विपक्ष में रहकर सत्ता पक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलने में माहिर पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्ट और डिजिटल मीटर का जो खेल पूरे प्रदेश में चल रहा है यह उपभोक्ताओं के लिए ठीक नहीं है। पहले सामान्य मीटरों के माध्यम से जो बिजली का बिल दो सौ तीन सौ रुपए आता था वह अब डिजिटल और स्मार्ट मीटरों के लगने के बाद हजारों में आ रहा है जिससे उपभोक्ता खासा परेशान है साथ ही बिजली विभाग के द्वारा जो बिल एकबार फाड़ दिया जाता है ब्रह्मा की लकीर बन जाता है उस बिल के विरुद्ध उपभोक्ता कितने भी सत्यापित तथ्य प्रस्तुत करे वह सुधरने वाला नहीं।

जानकारी के अनुसार स्मार्ट और डिजिटल मीटर लगाने का ठेका मोंटो कार्लो नाम की कंपनी को दिया गया है। अब स्मार्ट मीटर की जो प्रक्रिया है इसमें उपभोक्ता से सहमति ली जानी चाहिए एक फार्म फिलिप मौके में किया जाकर उसके पूर्व मीटर की रीडिंग नोट



की जाती है इस मीटर की कंट्रोलिंग स्थानीय विद्युत विभाग के द्वारा की जाती है वहीं डिजिटल मीटर की कंट्रोलिंग जबलपुर से की जाती है। ऐसे में जैसे ही आपके पैसे खत्म हुए बिजली गोल हो जाएगी दुबारा जब आप पैसे डालेंगे तो एक घंटे बाद जबलपुर से चालू की जाएगी जिससे उपभोक्ता तमाम तरह की परेशानियों का सामना करेंगे। और तो और स्मार्ट और डिजिटल मीटर का आखिर क्या मापदंड है कि किसके यहां डिजिटल मीटर लगेगा किसके यहां स्मार्ट मीटर लगेगा इसका पैमाना क्या है यह कौन और कैसे तय करेगा। ठेका कंपनी जो है मनमाने तौर पर बिना उपभोक्ता की सहमति लिए गुपचुप तरीके से लोगों के मीटर बदलकर चले जाते हैं यह उचित नहीं है।किसके यहां कौन सा मीटर लगा देंगे यह भी निश्चित नहीं कही डिजीटल लगा देते हैं कहीं स्मार्ट जिससे क्षेत्र के लोग खासे परेशान हैं।

### पूर्व विधायक की जनता से अपील

पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने कहा कि यह मैहर की जनता के साथ बड़ा धोखा है और हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए मेरी क्षेत्र की जनता जनार्दन से अपील है कि दिनांक 29 जुलाई को ग्यारह बजे डी ऑफिस मैहर में अधिक से अधिक संख्या में एकत्र होकर इस मनमानी के खिलाफ मेरे साथ अपना विरोध दर्ज कराएं। और बिना अपनी सहमति के कोई भी मीटर क्षेत्र में लगने न दें।खुलकर इन डिजिटल और स्मार्ट मीटर का विरोध करें। मेरी ठेकेदार से भी अपील है कि बिना सहमति के जनता जनार्दन से जबरदस्ती या उनकी मर्जी के विरुद्ध मीटर न लगाए नहीं तो उन्हें भी हमारे विरोध का सामना करना पड़ेगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 20 जुलाई 2025




**नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने 19 जुलाई को मॉडल रोड, छोटीपुल से चोरहटा तक भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।**



## राष्ट्र की रक्षा के लिए विचारों में स्पष्टता, उद्देश्य में दृढ़ता और अनुशासन आवश्यक है : नौसेना अध्यक्ष

### आत्मसंयम, समय का सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व के गुण सफलता के मूलमंत्र हैं

**रीवा।** विन्ध्य क्षेत्र के गौरव और भारतीय नौसेना के अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा केवल शस्त्रों और सीमाओं की निगरानी से ही नहीं होती है। इसके लिए विचारों में स्पष्टता, उद्देश्य में दृढ़ता और अनुशासन में निरंतरता आवश्यक है। आज का युवा ही कल का राष्ट्र निर्माता है। युवाओं का दृष्टिकोण और संकल्पशक्ति ही देश की दिशा और दशा तय करते हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने अपने गौरवमयी सैन्य जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि आत्मसंयम, समय का सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व के गुण



किसी भी क्षेत्र में सफलता के मूलमंत्र हैं। हर विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ समाज के लिए अनुकरणीय योगदान देना चाहिए। वर्तमान शताब्दी भारत की शताब्दी है। देश को उन्नति की ऊंचाईयों तक ले जाने और समग्र विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हर युवा को अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम से समाज को सर्वोत्तम योगदान देना है। जीवन की असफलताओं से सीख लेकर मन की हताशा को मिटाकर पूरे उत्साह के साथ अपने लक्ष्य की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण से उत्साह के साथ आगे बढ़ने के प्रयास करें। उन्होंने नौसेना का उदाहरण देते हुए कहा कि नौसेना, थलसेना और वायुसेना से समन्वय बनाकर संयुक्त शक्ति के रूप में राष्ट्र की रक्षा करती है। आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए समन्वय के साथ ही प्रयास करना होगा। नौसेना अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई।

ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय पहुंचने पर नौसेना अध्यक्ष श्री त्रिपाठी का आत्मीय और भावभीना स्वागत किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने नौसेना अध्यक्ष को गार्ड ऑफ आनर प्रस्तुत करके गरिमा प्रदान की। समारोह में प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने मुख्य अतिथि एडमिरल त्रिपाठी को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र ताम्रकार ने नौसेना अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। संस्था की ओर से नौसेना अध्यक्ष को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। समारोह में छात्राओं द्वारा बनाए गए एडमिरल त्रिपाठी के स्केच को भेंट किया गया। कार्यक्रम का संयोजन और समन्वय डॉ अमित तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रोफेसर संजय शंकर मिश्रा, प्रोफेसर अजय शंकर पाण्डेय, डॉ महानंद द्विवेदी, महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल मंत्री ग्रामीण विकास विभाग तथा श्रम मंत्रालय 20 जुलाई को रीवा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री 20 जुलाई को प्रातः 9.25 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर संजय नगर स्थित श्री सदानंद यादव के निवास स्थान पहुंचकर स्वर्गीय श्री ब्रम्हानंद यादव को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रभारी मंत्री प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री प्रातः 11.45 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचकर विश्वविद्यालय के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.45 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर 2.45 बजे कार से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## वर्षा थमी, नदियों का जल स्तर घटा, प्रशासन राहत और बचाव में जुटा

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिलों में 16 और 17 जुलाई को भारी वर्षा का दौर रहा। इन जिलों में 18 जुलाई से वर्षा थम गई है। जिसके कारण नदी नालों का जल स्तर घट गया है। प्रशासन द्वारा जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे शुरू कर दिया गया है। बाढ़ से प्रभावितों को राहत शिविरों में रखकर समुचित सुविधा दी जा रही है। रायपुर सोनौरी में बेलन नदी की बाढ़ से कई गांव प्रभावित हुए। जल भराव के कारण कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एसडीएम त्योंथर प्रभाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि बाढ़ प्रभावितों को ग्राम सोनौरी के शासकीय स्कूल में ठहराया गया। यहाँ भोजन, पानी, उपचार और प्रकाश की पूरी व्यवस्था की गई है। बेलन और टमस नदियों का जल स्तर घट गया है। राजस्व



विभाग की टीम बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का सर्वे कर रही है। एसडीएम मनगवां संजय जैन ने भी ग्राम मिसिरगवां, सहेवा तथा ग्राम उलहीखुर्द में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। राजस्व टीम द्वारा मकानों की क्षति का सर्वे किया जा रहा है। त्योंथर तहसील के ग्राम बहरइचा में विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी राज की उपस्थिति में बाढ़ पीड़ितों को अनाज और पॉलीथिन का वितरण किया गया। सभी तहसीलों में जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे शुरू कर दिया गया है।

## स्कूल में आयोजित किया गया डेंगू और मलेरिया बचाव जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिले भर में अभियान चलाकर लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 15 में निजी स्कूल दून पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय तथा फैमिली हेल्थ इंडिया संस्था के सहयोग से



किया गया।

एंबेड परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मलेरिया इंस्पेक्टर आशीष पाण्डेय तथा एंबेड परियोजना की समन्वयक श्रीमती कंचन सिंह ने विद्यार्थियों को डेंगू और मलेरिया रोग के प्रमुख लक्षणों तथा उपचार की जानकारी दी। मच्छरों से बचाव के लिए घरों के आसपास, पुराने बर्तनों, टायर, गमलों आदि में पानी जमा न होने देने तथा घड़े, पानी की टंकी आदि की नियमित साफ-सफाई की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि मच्छरों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। शरीर पूरी तरह से ढका रहे ऐसे कपड़ों का उपयोग करें। सिरदर्द, जोड़ों में दर्द और बुखार की शिकायत होने पर शासकीय अस्पताल में डेंगू और मलेरिया की निःशुल्क जाँच कराएं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार समुचित दवा लेकर इन दोनों रोगों से पूरा बचाव हो जाता है।

## उफनती नदी और अंधेरी रात में गर्भवती महिला को निकाला गया सुरक्षित

### प्रशासन, मेडिकल और बचाव दल ने गर्भवती महिला तथा अजन्मे शिशु को दिया जीवनदान

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिलों में 16 तथा 17 जुलाई को लगातार वर्षा के कारण सभी नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। सतना जिले में भी लगातार वर्षा के कारण टमस नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ा। ऐसी स्थिति में टमस और महाना नदी से घिरे हुए जवा तहसील के भनिगवां गांव में आवागमन के सभी मार्ग बंद हो गए। ऐसी कठिन परिस्थिति में गांव में गर्भवती महिला प्रियंका गुप्ता को पेट में दर्द की शिकायत हुई। आशा कार्यकर्ता साधना तिवारी ने स्थानीय स्तर पर उपचार का प्रयास किया, लेकिन प्रियंका गुप्ता का दर्द बढ़ता गया। उनका जीवन और अजन्मे शिशु की रक्षा एक चुनौती बन गई। शिशु के जन्म के लिए चिकित्सकों द्वारा अगस्त के अंतिम सप्ताह का समय बताया गया था। आशा कार्यकर्ता ने प्रियंका गुप्ता के उपचार के लिए 108 एंबुलेंस और मेडिकल टीम को सूचना दी। मेडिकल टीम और एंबुलेंस कुछ ही देर में गांव के समीप पहुंच गए। लेकिन गांव चारों ओर बाढ़ के पानी से घिर गया था। बादलों से भरी अंधेरी



रात में गांव तक पहुंच पाना संभव नहीं था। मौके पर उपस्थित बीएमओ डॉ रावेन्द्र सिंह ने एसडीएम जवा पीयूष भट्ट को स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम ने तत्काल जिला कमाण्डेंट मीनाक्षी सिंह से एसडीआरएफ टीम भेजने के लिए संपर्क किया। सूचना मिलने के 40 मिनट बाद एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गईं। रेस्क्यू टीम ने जान जोखिम में डालकर पूरी बहादुरी के साथ रात दो बजे रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। रात 2.45 बजे प्रियंका गुप्ता को बोट की सहायता से बाढ़ के पानी से सुरक्षित निकालकर एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। एंबुलेंस में ही उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद एंबुलेंस प्रियंका गुप्ता को लेकर सिविल अस्पताल सिरमौर पहुंची। सिरमौर में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया तथा गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रियंका गुप्ता को जिला अस्पताल रीवा रेफर किया। जिला अस्पताल में भर्ती प्रियंका अब पूरी तरह से ठीक है। उनका समुचित उपचार किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा समय पर की गई पहल, मेडिकल टीम की तत्परता और एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ की टीम के साहस ने प्रियंका और उनके अजन्मे शिशु को नया जीवनदान दिया।

## मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 20 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 3.15 बजे अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से वायुयान से प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे रीवा एयरपोर्ट चोरहटा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर शाम 6.15 बजे एयरपोर्ट रीवा से वायुयान से प्रस्थान कर रात 7.10 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

## दस्तक अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलाया जाएगा

**दस्तक अभियान में दो लाख से अधिक बच्चों की होगी स्वास्थ्य जाँच**

**रीवा।** जिले भर में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पाँच साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। अभियान के दौरान जिले के रीवा और मऊगंज जिले के दो लाख 82 हजार से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि दस्तक अभियान के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में प्रशिक्षित दल तैनात किए गए हैं। इस दल में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। इनके द्वारा घर-घर जाकर पाँच साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। सभी चिन्हित बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार एवं समुचित उपचार की सुविधा दी जाएगी। बच्चों को विटामिन ए का घोल, जिंक की टैबलेट तथा ओआरएस दिया जाएगा। वजन लेकर भी बच्चों के पोषण स्तर की माप की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान में जो बच्चे कुपोषित अथवा बीमार मिलेंगे उन्हें उपचार की सुविधा देने के साथ-साथ उनका लगातार फॉलोअप किया जाएगा। अभियान के दौरान पाँच साल तक के सभी बच्चों में निमोनिया, जन्मजात विकृति एवं बच्चे की वृद्धि में विलंब की भी जाँच की भी की जाएगी। अभियान के दौरान बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण भी किया जाएगा। पाँच साल तक के जिन बच्चों के टीके किसी वजह से निर्धारित तिथि से छूट जाने पर उन्हें मंगलवार और शुक्रवार के टीकाकरण दिवसों में आँगनवाड़ी केन्द्र ले जाकर टीके लगाए जाएंगे। बच्चों की स्वास्थ्य की जाँच के दौरान सिकल सेल एनीमिया की भी पहचान की जा जाएगी।

## आईटीआई के दो छात्रों का विदेश में रोजगार के लिए हुआ चयन

**रीवा।** शासकीय संभागीय आईटीआई रीवा को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है जब उनके यहाँ अध्ययनरत दो छात्रों का विदेश में रोजगार के लिए चयन किया। दोनों युवा छात्र अपने कौशल और हुनर के दम पर विदेश की कंपनियों में चयनित हुए।

आईटीआई के छात्र श्रेयस सिंह का चयन जापान की टोयो टेक्नो कार्पोरेशन कंपनी में चयन



हुआ है जहाँ उन्हें प्रतिमाह एक लाख 27 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। इसी क्रम में अवतांश द्विवेदी का चयन जिंदल सॉ गल्फ एलएलसी आबूधाबी कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर चयन हुआ। उन्हें मासिक वेतन के तौर पर 50 हजार रुपए मिलेंगे। संभागीय आईटीआई के प्राचार्य सिद्धनाथ मिश्रा, प्लेसमेंट अधिकारी प्रशांत सिंह एवं विपिन सिंह सहित राकेश तिवारी एवं श्रीमती ज्योति मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में दोनों युवाओं का विदेश की कंपनियों में चयन हुआ।

## निगम आयुक्त भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने दिनांक 19 जुलाई को मॉडल रोड, छोटीपुल से चोरहटा तक भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने सड़क और चौराहों पर फैले अतिक्रमण को तत्काल हटाने, रास्तों के किनारे लगी गुमटियों को हटाने तथा बालू गिट्टी के अवैध भंडारण पाए जाने पर जुर्माना लगाने के साथ तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही दुकान के सामने सामान बाहर रखकर अतिक्रमण कर व्यापार करने वालों पर सामान हटाने को कहा पुनरावृत्ति पर सामान जप्त करने के साथ वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। दुकानों द्वारा खुले में कचरा फैलाने पर भी चालानी कार्रवाई करने को कहा एवं पुनरावृत्ति पर सील करने के निर्देश दिए। पटरियों पर पड़े सीएनडी मलबे को हटाने के निर्देश भी दिए। रास्ते के बगल वार्ड 3 स्थित रिक्त भूमि पर स्मार्ट टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड-4 स्थित शराब दुकान के पास अवैध रूप से बने अहाते को सील करने तथा वहां अवैध रूप से ठेले लगाकर पॉलीथिन का प्रयोग और गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

इस दौरान वीटीएल के पास पाइपलाइन के किनारे अवैध खुदाई होते पाई गई, जिस पर आयुक्त ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए और कहा कि ऐसी गतिविधियों से पाइप डैमेज होकर निगम को आर्थिक क्षति होती है साथ ही दूषित पानी के लीकेज का समस्या उत्पन्न हो जाता है। एजी कॉलेज चौराहे की रोटरी के सौंदर्यीकरण और बस स्टॉप की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर जहां बस स्टॉप खराब स्थिति में हैं, वहां सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए।

## रोजगार मेला 23 जुलाई को हनुमना में

**मऊगंज।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 7 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 58वां स्थापना दिवस आज, प्रभारी मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का 58वां स्थापना दिवस 20 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर ध्रुव नारायण सिंह पूर्व विधायक, विक्रम सिंह विधायक रामपुर बघेलान, आनंद झा प्रदेश प्रवक्ता, प्रोफेसर राजेन्द्र सिन्हा कुलपति संदीप विश्वविद्यालय नासिक उपस्थित रहेंगे।

## मेसर्स दाता ट्रेडर्स को किया गया ब्लैकलिस्ट

**रीवा।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मेसर्स दाता ट्रेडर्स मोती नाला चांदनी चौक जबलपुर को आगामी तीन वर्ष के लिए प्रदेश के सभी शासकीय विभागों एवं उपक्रमों में काली सूची (ब्लैक लिस्टेड) में दर्ज किया गया है।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833